हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 266, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 21 मार्च, 2023 दिन मंगलवार | गाजीपुर/वाराणसी

जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से मिले पीएम मोदी

कहा- इस यात्रा से हमारे आपसी संबंधों को मजबूती मिलेगी

नई दिल्ली। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा भारत की दो दिन की यात्रा पर सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने उनका स्वागत किया। इसके बाद किशिदा ने हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इसके बाद दोनों देशों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। इसके बाद दोनों ने संयुक्त प्रेस वार्ता को भी संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, "मैं जापानी पीएम फुमियो किशिदा का भारत में स्वागत करता हूं। पिछले एक साल में, पीएम फुमियो किशिदा और मैं कई बार मिले हैं और हर बार मैंने भारत-जापान द्विपक्षीय संबंधों के प्रति उनकी सकारात्मकता और प्रतिबद्धता को महसूस किया है। इस गति को बनाए रखने के लिए उनका आज का दौरा फायदेमंद रहेगा।" प्रधानमंत्री ने कहा, "आज जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने मुझे ॠ7 नेताओं के शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया, जो मई में हिरोशिमा में आयोजित किया जाएगा। मैं इसके लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। इस साल सितंबर में, मुझे फिर से ॠ20 लीडर्स समिट के लिए भारत में पीएम फुमियो किशिदा का स्वागत करने का अवसर मिलेगा।"

ग्लोबल साउथ को आवाज देना जी-20 प्रेसिडेंसी का विजन- पीएम मोदी ने कहा कि भारत-जापान विशेष सामरिक और वैश्विक साझेदारी दोनों देशों के साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और 'कानून के शासन' पर आधारित है। यह भारत-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करेगा। हमने जी20 अध्यक्षता के संबंध में भारत की प्राथमिकताओं के बारे में विस्तृत चर्चा की है। विशेष रूप से, G20 प्रेसीडेंसी के लिए हमारे विजन के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक ग्लोबल साउथ को आवाज देना है।'

"डीकाबोर्नाइजेशन और ऊर्जा पर काम करना जारी रखेंगे"- जापानी पीएम किशिदा ने कहा- मैंने पीएम मोदी को G7 हिरोशिमा शिखर सम्मेलन में औपचारिक रूप से आमंत्रित किया और मौके पर ही मेरा निमंत्रण तुरंत स्वीकार कर लिया गया। उन्होंने कहा, "हम डीकाबोर्नाइजेशन और ऊर्जा पर काम करना जारी रखेंगे...2023 जापान-भारत पर्यटन आदान-प्रदान का वर्ष होगा। मैं जापानी भाषा शिक्षा पर हमारे एमओसी के नवीनीकरण का स्वागत करता हूं।"

"भारत के साथ हमारा आर्थिक सहयोग तेजी से बढ़ा है"- किशिदा ने कहा कि भारत के साथ हमारा आर्थिक सहयोग जो तेजी से बढ़ रहा है, न केवल भारत के आगे विकास का समर्थन करेगा, बल्कि जापान के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक अवसर भी पैदा करेगा। उन्होंने कहा, "मैं आईसीडब्ल्यूए द्वारा आयोजित एक व्याख्यान कार्यक्रम में फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक (एफओआईपी) पर अपनी नई योजना की घोषणा करूंगा। मुझे भारत की धरती पर अपनी नई दृष्टि का अनावरण करने में बहुत खुशी हो रही है जो एफओआईपी को साकार करने में हमारा अनिवार्य भागीदार है।"

जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने दिल्ली में राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। किशिदा ने राजघाट पर आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किया। इस दौरान उन्हें महात्मा गांधी की जीवनी पर लिखी गई पुस्तकें भेंट की गई। पंद्रह साल पहले शिंजो आबे ने पहली बार अपनी दिल्ली यात्रा के दौरान इंडो-पैसिफिक सहयोग के बारे में बात की थी।

शराब घोटाले में नहीं कम हो रही सिसोदिया की मुश्किलें, दिल्ली कोर्ट से 14 दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली के कथित शराब घोटाले के मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट से पूर्व डिप्टी सीएम की न्यायिक हिरासत 14 दिन के लिए बढ़ गई है। फिलहाल दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम शराब घोटाले के मामले में 22 मार्च तक ईडी की रिमांड पर हैं। बता दें कि सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शराब घोटाले के सीबीआई से जुड़े मामले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ाई है। इससे पहले 17 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व डिप्टी सीएम की ईडी रिमांड को 5 दिन और बढ़ाने का फैसला किया था। खास बात है कि दिल्ली के शराब घोटाले के मामले में मनीष सिसोदिया को सबसे पहले सीबीआई ने करीब 8 घंटे की पूछताछ के बाद 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। सिसोदिया ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ रुख किया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट से राहत न मिलने के बाद मनीष सिसोदिया ने दिल्ली सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। शराब घोटाले में सिसोदिया पर सीबीआई के शिकंजे के बाद ईडी ने भी तिहाड़ जेल में पूछताछ करने के बाद गिरफ्तारी की थी।

फरार शूटर गुलाम के मकान-दुकान पर बुलडोजर कार्रवाई

प्रयागराज। उमेश पाल हत्याकांड में प्रयागराज प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। उमेश की हत्या के बाद से फरार चल रहे शूटर गुलाम के घर पर बुलडोजर चल रहा है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) यह कार्रवाई कर रहा है। जानकारी के अनुसार, शूटर गुलाम मोहम्मद का अवैध मकान और दुकान 335 वर्ग मीटर में बनी है। अवैध मकान और दुकान को गिराने के लिए पीडीए के दो बुलडोजर लगे हैं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। लोगों की भीड़ भी जुटी है। आपको बता दें कि उमेश हत्याकांड के बाद से फरार शूटर गुलाम पर पांच लाख का इनाम है। गुलाम भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष राहिल हसन का भाई है। इसका घर शिवकुटी थाना इलाके के तेलियरगंज में है। उमेश पाल हत्याकांड के बाद से माफिया अतीक अहमद के खास शूटरों में से एक गुलाम की तलाश की जा रही है। बसपा के पूर्व विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल और उनके दो सरकारी गनर की हत्या 24 फरवरी को की गई थी। हत्याकांड के बाद पुलिस संग पीडीए ने माफिया अतीक अहमद और उसके करीबियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की। उमेश हत्याकांड के बाद से अब तक माफिया अतीक अहमद के तीन करीबियों के अवैध निर्माण को गिराया जा चुका है। पीडीए के एक अधिकारी के अनुसार, शूटर गुलाम मोहम्मद ने 335 वर्ग मीटर में मानचित्र पास कराए बिना राजकीय आस्थान की जमीन पर अवैध निर्माण किया था। अवैध निर्माण गिराने के लिए पीडीए की तरफ से 13 फरवरी को ध्वस्तीकरण का आदेश पारित कर दिया गया था। अब ध्वस्तीकरण की कार्रवाई चल रही है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकार से कहा- हड़ताल करने वालों का वेतन रोक, करें नुकसान की भरपाई

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कर्मियों की हड़ताल पर कठोर टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि कर्मियों की हड़ताल 6 दिसंबर 22 के आदेश की अवहेलना है। कहा कि जनता को बिजली चाहिए, सरकार की जिम्मेदारी है कि वह आपूर्ति कराए। सवाल के जवाब में सरकार ने बताया कि हड़ताल से करीब 20 करोड़ का नुकसान हुआ है। इस पर कोर्ट ने कहा हड़तालियों के वेतन रोक कर क्यों न हो नुकसान की भरपाई। सरकार को भी फटकार लगाई कि हड़तालियों पर 600 एफआइआर दर्ज की गई साथ ही वारंट जारी किया तो गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। मामले की सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर एवं न्यायमूर्ति एसडी सिंह की खंडपीठ कर रही है। अपर मुख्य सचिव पावर विभाग ने अनुपालन रिपोर्ट के साथ हलफनामा दाखिल किया।

दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी को भेजा नोटिस, खरगे बोले- ऐसी हरकतों से डरेंगे नहीं, मजबूती से खड़े रहेंगे

नई दिल्ली। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने यौन उत्पीड़न की पीड़ितों का उल्लेख किया था। इसकी जानकारी मांगने के लिए अब दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी को नोटिस भेजा है। इस मामले पर अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, 'हम ऐसी हरकतों से डरेंगे नहीं।' खरगे ने कहा, 'वे हमें कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। इस तरह की हरकतों से हम डरेंगे नहीं। हम मजबूती से खड़े रहेंगे।' उन्होंने कहा, 'भारत जोड़ो यात्रा 46 दिन पहले समाप्त हुई थी और अब वे पूछ रहे हैं कि राहुल गांधी वहां किससे मिले थे। हजारों लोग उनसे मिले और अपनी समस्याएं साझा की। अब दिल्ली पुलिस उन्हें पहचानने के लिए कह रहे हैं।' भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अपने भाषण में राहुल गांधी ने कथित तौर पर यौन उत्पीड़न पीड़ितों का उल्लेख किया था। इस संबंध में जानकारी मांगने के लिए दिल्ली पुलिस ने उन्हें नोटिस भेजा था। वहीं, 19 मार्च को स्पेशल सीपी लॉ एंड ऑर्डर सागर प्रीत हुड्डा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के आवास पर पहुंचे थे। मीडिया से बात करते हुए हुड्डा ने कहा, 'हम यहां उनसे बात करने आए हैं। राहुल गांधी ने 30 जनवरी को श्रीनगर में बयान दिया था कि यात्रा के दौरान उनकी मुलाकात कई महिलाओं से हुई और उन्होंने उन्हें बताया कि उनके साथ दुष्कर्म हुआ है। उनसे ब्योरा हासिल करने की कोशिश की जा रही है ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके।' हुड्डा ने कहा, 'हमारे लिए यह जानना बहुत महत्वपूर्ण है कि क्या दिल्ली की कोई महिला थी, जिसने अपना संदेश राहुल गांधी तक पहुंचाया। यह एक गंभीर मामला है। इसमें नाबालिग पीड़ितों के भी शामिल होने की आशंका हो सकती है।' हुड्डा ने कहा, 'इससे पहले 15 मार्च को भी हम राहुल गांधी से मिलने आए थे, लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो पाई। फिर 16 तारीख को हम राहुल गांधी के आवास पर आए और नोटिस दिया कि हम आज आएंगे।'

लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए फैलाए जा रहे भारत विरोधी बयानः धनखड़

नई दिल्ली। भारत पर ब्रिटेन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हालिया टिप्पणी से राजनीति गरमाई हुई है। इसी कड़ी में अब उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने 'इनक्यूबेटर और वितरकों' पर अपनी चिंता जाहिर की। उनका मानना है कि देश के कार्यात्मक लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थानों को कमजोर करने के लिए भारत विरोधी बयान फैलाए जा रहे हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इनक्यूबेटर और वितरकों पर चिंता जाहिर करते हुए रविवार को कहा कि भारत पहले की तुलना में वृद्धि पर है। राष्ट्र की वैश्विक प्रासंगिकता और मान्यता एक ऐसे स्तर पर है जो पहले कभी नहीं थी। हम सभी को भारत विरोधी ताकतों के इनक्यूबेटरों और वितरकों के उद्भव के बारे में जागरूक होने की आवश्यकता है, जो हमारे विकास पथ को कम करने और हमारे कार्यात्मक लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थानों को कलंकित करने के लिए ह्यनुकसानदेह आख्यानह्न चला रहे हैं। यह जरूरी है कि हम सभी अपने राष्ट्र और राष्ट्रवाद में भरोसा करें और इस तरह के दुस्साहस से ठीक से निपटें।' उपराष्ट्रपति ने 'गवर्नरपेट टू गवर्नर हाउसः ए हिक्स ओडिसी' नामक पुस्तक का विमोचन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कहीं। इस दौरान पूर्ववर्ती नायडू भी मौजूद रहे और दोनों ने तमिलनाडु के पूर्व राज्यपाल पी एस राममोहन राव के संस्मरण के विमोचन के दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। धनखड़ ने कहा कि 'लोकतंत्र का सार' यह है कि 'सभी समान रूप से कानून के प्रति जवाबदेह हैं। यह सुझाव देते हुए कि भारत सबसे जीवंत लोकतंत्र है, उन्होंने कहा 'कानून के समक्ष समानता एक ऐसी चीज है जिस पर हम बातचीत नहीं कर सकते'। हाल के गतिरोध के बीच संसद के सुचारू कामकाज की मांग करते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोकतंत्र में, शासन की गतिशीलता हमेशा चुनौतीपूर्ण होती है, जिसके लिए संवैधानिक संस्थाओं के सामंजस्यपूर्ण कामकाज की आवश्यकता होती है।

नीतीश जी, गिरिराज को जेल में डालिए...पप्पू यादव बोले- केंद्रीय मंत्री कर रहे हैं बिहार को बदनाम, फैला रहे नफरत

पटना। जन अधिकार पार्टी के नेता पप्पू यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को जेल में डालने की मांग की है। दरअसल, बिहार सरकार की ओर से रमजान महीने में मुस्लिम कर्मचारियों को तय समय से एक घंटे पहले दफ्तर आने और एक घंटे पहले चले जाने की छूट दी गई है। भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने इस फैसले पर सवाल उठाए थे। उन्होंने पूछा था कि क्या बिहार वोट के लिए इस्लामिक स्टेट की ओर बढ़ गया है? केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने 19 मार्च को ट्वीट किया था, जिसमें उन्होंने पूछा कि क्या वोट की खातिर नीतीश सरकार के नेतृत्व में बिहार इस्लामिक स्टेट की ओर बढ़ गया है, जहां सीमांचल के स्कूलों में शुक्रवार को छुट्टी, रमजान पर विशेष सुविधा दी जाती है और रामनवमी की छुट्टी रद्द कर दी जाती है? पप्पू यादव ने गिरिराज सिंह के इस ट्वीट को रीट्वीट किया। साथ ही कैप्शन में लिखा- 'इस व्यक्ति पर कब ऋक्षक करेगी बिहार सरकार? क्या यह यूं बिहार को बदनाम करता रहेगा?'

ट्वीट में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को टैग कर करते हुए लिखा- "सीएम नीतीश कुमार तत्काल मामला दर्ज करवा कर गिरफ्तारी करवाएं। केंद्रीय मंत्री हैं तो कुछ भी बकेंगे, ऐसे ही जहर फैलाएंगे? सख्त से सख्त कार्रवाई करें।" बता दें कि बिहार सरकार ने रमजान के महीने में अपने मुस्लिम कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने रमजान में मुस्लिम कर्मचारियों को तय समय से एक घंटे पहले ऑफिस आने और एक घंटे पहले जाने की छूट दी गई है। बिहार सरकार की ओर से राज्य सामान्य प्रशासन विभाग ने एक आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि बिहार सरकार के सभी मुस्लिम कर्मचारियों और अधिकारियों को रमजान के महीने में निर्धारित समय से एक घंटे पहले ऑफिस आने और निर्धारित समय से एक घंटे पहले ऑफिस से जाने की अनुमति होगी।

आगरा में एसटीएफ की छापामारी, हत्याकांड में वांछित असद के चार करीबियों को आगरा से उठाया

आगरा। प्रयागराज में उमेशपाल हत्याकांड में वांछित असद की तलाश में पुलिस के साथ-साथ अन्य जांच एजेंसियां लगी हैं। सोमवार को प्रयागराज पुलिस के इनपुट पर आगरा से असद के चार करीबियों को एसटीएफ ने उठा लिया। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारी इस संबंध में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड में वांछित असद पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित है। माफिया अतीक अहमद के बेटे की तलाश में एसटीएफ के साथ ही खुफिया एजेंसियां जाल बिछाए हुए हैं। सूत्रों का कहना है कि एसटीएफ को सोमवार तड़के असद के करीबियों के आगरा में आने की जानकारी मिली थी। इसके बाद एसटीएफ की टीम ने राजस्थान बार्डर पर तलाश शुरू कर दी। सूत्रों का कहना है कि क्रेटा गाड़ी से जा रहे चार संदिग्धों को एसटीएफ ने फतेहपुर सीकरी में कौरई टोल प्लाजा के पास से पकड़ लिया। उनसे अभी पूछताछ की जा रही है। एसटीएफ और जिला पुलिस कुछ भी बोलने से बच रही है। डीसीपी पश्चिमी जोन सोनम कुमार का कहना है कि प्रयागराज की टीम के आने की अभी उन्हें जानकारी नहीं है।

'मोदी सरनेम' वाली टिप्पणी पर राहुल की बढ़ेंगी मुश्किलें! 23 मार्च को कोर्ट का आएगा फैसला

सूरत। राहुल गांधी के खिलाफ उनकी कथित "मोदी सरनेम" टिप्पणी को लेकर आपराधिक मानहानि मामले में 23 मार्च को फैसला आ सकता है। गुजरात के सूरत शहर की एक अदालत कांग्रेस सांसद के बयान को लेकर आदेश पारित कर सकती है। उनके वकील किरीट पानवाला ने बताया कि जब आदेश पारित किया जाएगा तब कांग्रेस नेता खुद अदालत में मौजूद रहेंगे।

राहुल ने कहा था- सभी चोरों का सरनेम मोदी- राहुल गांधी ने एक रैली के दौरान कहा था "कैसे सभी चोरों का सरनेम मोदी है?"। उनके इस बयान के बाद भाजपा विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने शिकायत दर्ज की थी। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि विवादास्पद टिप्पणी 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक के कोलार में एक रैली में की गई, जिसने पूरे मोदी समुदाय को बदनाम किया।

अदालत में मौजूद रहेंगे राहुल गांधी- राहुल के वकील ने कहा कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एचएच वर्मा की अदालत ने पिछले शुक्रवार को दोनों पक्षों की अंतिम दलीलें सुनीं और फैसला सुनाने के लिए 23 मार्च की तारीख तय की। किरीट पानवाला ने कहा कि अदालत ने आपराधिक मानहानि मामले की सुनवाई पूरी कर ली है और मामले को 23 मार्च को फैसले के लिए रखा है। राहुल गांधी अदालत में आदेश पारित करने के समय मौजूद रहेंगे।

तीन बार कोर्ट गए राहुल- मामले की सुनवाई के दौरान राहुल गांधी तीन बार कोर्ट में मौजूद रहे थे। वह अपना बयान दर्ज कराने के लिए आखिरी बार अक्टूबर 2021 में पेश हुए और खुद को निर्दोष बताया। मानहानि के मामले में अंतिम बहस फरवरी 2023 में फिर से शुरू हुई जब गुजरात उच्च न्यायालय ने राहुल गांधी की व्यक्तिगत उपस्थिति की मांग करने वाली शिकायतकर्ता की याचिका पर मार्च 2022 में कार्यवाही पर लगाई गई अंतरिम रोक को हटा दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को करनी चाहिए थी शिकायत- राहुल गांधी के वकील ने एक सुनवाई के दौरान तर्क दिया था कि कार्यवाही शुरू से ही त्रुटिपूर्ण थी क्योंकि सीआरपीसी की धारा 202 के तहत कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि राहुल गांधी के अधिकांश भाषणों में प्रधानमंत्री मोदी को लक्षित किया गया था, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मामले में एक पीड़ित पक्ष के रूप में शिकायतकर्ता होने चाहिए थे।

एक बार फिर पैर पसारने की तैयारी में कोरोना 24 घंटे में सामने आए 918 नए कोविड मामले

नई दिल्ली। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में कोरोना के 918 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही देश में कोविड-19 संक्रमण के सक्रिय मामले बढ़कर 6,350 हो गए हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में संक्रमण से चार लोगों की मौत हुई है, जिसमें 2 मौतें राजस्थान में और केरल तथा कर्नाटक में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। इसके बाद देश में मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,30,806 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह 8 बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक, दैनिक सकारात्मकता दर 2.08 प्रतिशत दर्ज का गई है, तो वहीं, साप्ताहिक साकारात्मक दर 0.86 प्रतिशत है। इसके साथ ही, संक्रमण टैली 4.46 करोड़ (4,46,96,338) है। इस संक्रमण से अब तक 5,30,806 लोगों की मृत्यु हो चुकी है जबकि देश भर में 4,41,59,182 मरीज ठीक हो चुके हैं। भारत में केरल में 1796 मामले सक्रिय हैं जबकि महाराष्ट्र में सक्रिय मामलों की संख्या 1308 है। इसी तरह गुजरात में 740, कर्नाटक में 616, तमिलनाडु में 363, तेलंगाना में 237, दिल्ली में 209, हिमाचल प्रदेश में 168, राजस्थान में 117, ओडिशा में 106, मामले सक्रिय हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, सक्रिय मामलों में अब कुल मामलों का 0.01 प्रतिशत शामिल है, जबकि राष्ट्रीय कोविड-19 रिकवरी दर 98.8 प्रतिशत दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में 44,225 कोविड टेस्ट के साथ, अब तक देश में कुल 92.03 करोड़ कोविड टेस्ट किए जा चुके हैं। बीमारी से ठीक होकर घर जाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,59,182 हो गई, जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत दर्ज की गई। मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देश में अब तक कोविड टीके की 220.65 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं।

संपादकीय

रिटायर्ड जज भी अब भारत विरोधी गैंग का हिस्सा

केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने शनिवार को कहा है, कि कुछ रिटायर्ड जज और कार्यकर्ता भारत विरोधी गैंग का हिस्सा हो गए हैं। कानून मंत्री ने यह भी कहा कि न्यायपालिका को विपक्षी दल की भूमिका निभाने के लिए मजबूर करते नजर आ रहे हैं। एक बार फिर कानून मंत्री रिजीजू ने कॉलेजियम सिस्टम की आलोचना करते हुए कहा, इसे बदलने की जरूरत है। कानून मंत्री दिल्ली के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा। इसी कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ भी शामिल हुए। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने अपनी बात रखते हुए कहा, कि न्यायपालिका पर कोई दबाव नहीं होता है। उन्होंने कहा, मुझे आज तक किसी ने नहीं कहा कि केस में फैसला कैसे किया जाए। उन्होंने अपने उद्दबोधन में चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर लिया फैसला, इसका एक सबूत बताया। उन्होंने भारतीय न्यायपालिका को आधुनिक बनाने की जरूरत बताते हुए कहा कि हमारा न्यायिक मॉडल अंग्रेजों के विरासत में मिले औपनिवेशिक मॉडल पर आधारित है। इसमें बड़े सुधार की जरूरत है। कानून मंत्री जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तथा कॉलेजियम सिस्टम को लेकर सार्वजनिक बयान दे रहे है। सरकार से जुड़ा हुआ राजनीतिक दल के ट्रोलर जिस तरह से न्यायपालिका के खिलाफ एक अभियान चला रहे है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की व्यक्तिगत छवि और उनके न्यायिक फैसलों को जिस तरीके से ट्रोल किया जा रहा है। न्यायपालिका के साथ सरकार सीधे-सीधे टकराव की मुद्रा में समय-समय पर देखने में आ रही है। यहां तक तो ठीक था लेकिन अब रिटायर्ड जजों को भी कानून मंत्री ने निशाने पर लेकर, उन्हें भारत विरोधी गैंग का हिस्सा बता दिया है। कानून मंत्री के इस बयान की आम जनता के बीच में भी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया हो रही है। सरकार कॉलेजियम व्यवस्था के स्थान पर हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट के जजों की नियुक्ति पर सरकार का सीधा अधिकार या हस्तक्षेप चाहती है। यदि ऐसा हुआ, तो भारत की न्याय व्यवस्था को लेकर आम आदमी के मन में जो विश्वास बचा हुआ है। वह भी खत्म हो जाएगा। जिस तरह से न्यायिक अधिकार, राज्य सरकारों विभिन्न आयोग, कलेक्टर, कमिश्नर, तहसीलदार एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को दिए जाते हैं। उनके काम करने के तौर-तरीके और निर्णय पर आम जनता को कोई भरोसा नहीं होता है। क्योंकि उसमें सरकार का हस्तक्षेप अपरोझ रूप से बना रहता है। हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट से उन्हें न्याय मिलेगा समाज में जिस तरह का बदलाव होता है। सभी वर्गों के बीच उस बदलाव का असर पड़ता है, यह बात सही है। लेकिन न्यायपालिका को लेकर कॉलेजियम सिस्टम आने के बाद न्यायपालिका के कामकाज में पारदर्शिता बनी हुई है। यदि यह पारदर्शिता समाप्त हो गई, तो भारतीय लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा उत्पन्न होगा। वर्तमान में सरकार के कुछ ऐसे बयान भी सामने आए हैं। विशेष रूप से कानूनविद एवं राज्यसभा के सभापति ने विधायिका को सर्वोच्च बताते हुए संविधान को एक मार्गदर्शक बता दिया है। संविधान में कभी भी सरकार को परिवर्तन करने के अधिकार को उन्होंने सर्वोच्च मानते हुए न्यायिक समीक्षा से बाहर करने की कोशिश की है। यह अपने आप में प्रमाणित करता है, कि वर्तमान सरकार संविधान में वर्णित न्यायपालिका की स्वतंत्र भूमिका को अपने अधीन करना चाहती है। जिस तरह से संवैधानिक संस्थाओं में पिछले वर्षों में सरकार नियुक्तियां की हैं। हाल ही में चुनाव आयुक्त की जिस तरह की नियुक्ति सरकार ने की है। यह मामला जब सामने आया तो सभी को आश्चर्य हुआ। यदि यही स्थिति हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट के जजों में भी सरकार की मनमर्जी होगी। उसके बाद संवैधानिक संस्थाओं और न्यायपालिका के ऊपर आम जनता का विश्वास खत्म होगा। यह देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को तो समाप्त करेगा। सरकारी तंत्र की मनमानी बढ़ने और आम जनता का आक्रोशित होना तय है। इस सारे विवाद में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने धीरज के साथ सरकार के सामने अपनी बात रखते रहे हैं।

ना छीनो अधिकार!

न्याय सबके साथ हो ।
है वरना धिक्कार ।।
गिरफ्तार एक को ।
दूजे को उपहार ।।
हो रही अब अति ।
जागो जी कुमार ।।
बहकावे में आकर ।
ना करो लाचार ।।
भरना तय घड़ा ।
ना छीनो अधिकार ।।
देख लो इतिहास ।
है नाना प्रकार ।।
है जुगाड़ वोट का ।
ना ऐसे सताओ ।।
जनता रही निहार ।
होश में आ जाओ ।।

–कृष्णेन्द्र राय

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ब्रह्मध्वज लगाकर मनाएं हिन्दू नववर्ष !- सनातन संस्था

कोई भी त्यौहार आए, तो उस त्यौहार की विशेषता के अनुसार एवं अपनी रीति-रिवाजों के अनुसार हम कुछ ना कुछ करते ही रहते हैं; परंतु धर्म में बताई हुई ऐसी पारंपरिक कृतियों के पीछे का अध्यात्मशास्त्र समझने पर उसका महत्व हम समझ सकते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नव संवत्सरारम्भ अर्थात हिंदू नव वर्ष है ' दिनांक के अनुसार इस वर्ष संवत्सरारम्भ 22 मार्च को है । नव संवत्सर के दिन की जानेवाली धार्मिक कृतियों की जानकारी सनातन संस्था द्वारा कल लिए गए ऑनलाईन प्रवचन में अनेक जिज्ञासुओं को दी गई । इसमें बताई गई धार्मिक विधियाँ इस प्रकार हैं "

अभ्यंग स्नान (मांगलिक स्नान) : संवत्सरारम्भ के दिन सुबह जल्दी उठकर प्रथम अभ्यंग स्नान करना चाहिए । अभ्यंग स्नान करते समय देशकाल कथन किया जाता है।

बंदनवार लगाना : स्नान के बाद आम्रपत्तों का बंदनवार बनाकर, प्रत्येक दरवाजे के पास लाल फूलों के साथ बांधना चाहिए क्योंकि लाल रंग शुभ दर्शक है।

पूजा : पहले नित्य कर्म, देव पूजन किया जाता है। वर्ष प्रतिपदा को महाशांति की जाती है। शांति के प्रारंभ में ब्रह्मदेव की पूजा की जाती है, क्योंकि इस दिन ब्रह्मदेव ने विश्व की रचना की। इस दिन होम हवन, एवं ब्राह्मण संतर्पण किया जाता है। फिर अनंत रूपों में होनेवाले भगवान विष्णु की पूजा की जाती है "नमस्ते बहुरूपाय विष्णवे नमः" यह मंत्र बोलकर उन्हें नमस्कार किया जाता है। तत्पश्चात ब्राह्मण को दक्षिणा दी जाती है । संभव हो तो इतिहास, पुराण आदि ग्रंथ ब्राह्मण को दान दिये जाते हैं । यह शांति करने से समस्त पापों का नाश होता है, आयुष्य बढता है एवं धनधान्य की समृद्धि होती है। ऐसा कहा जाता है संवत्सर पूजा करने से समस्त पापों का नाश होता है। आयु में वृद्धि होती है, सौभाग्य बढ़ता है एवं शांति

प्राप्त होती है। इस दिन जो वार (अर्थात दिन) होता है उस दिन के देवता की भी पूजा की जाती है।

धर्मध्वज लगाना : इस दिन विजय के प्रतीक स्वरूप सूर्योदय के समय शास्त्र शुद्ध विधि से ध्वज लगाया जाता है। धर्मध्वज सूर्योदय के तुरंत बाद मुख्य दरवाजे के बाहर, परंतु बांस (घर के अंदर से देखने पर दाहिने हाथ की ओर) भूमि पर पाट रखकर उस पर खड़ी करनी चाहिए। ध्वज लगाते समय उसकी स्वस्तिक चिन्हों पर सामने थोड़ी सी झुकी हुई स्थिति में, ऊंचाई पर स्थापना करनी चाहिए। सूर्यास्त के समय गुड़ का भोग लगाकर धर्मध्वज नीचे उतारना चाहिए।

दान : याचकों को अनेक प्रकार का दान देना चाहिए। जैसे प्याऊ द्वारा जल दान, इससे पितर संतुष्ट होते हैं।

धर्म दान : धर्मदान सर्वश्रेष्ठ दान है, ऐसा शास्त्र बताता है। धर्मप्रसार करनेवाली संस्थाओं को दान देना उपयुक्त है ' वर्तमान काल में धर्म शिक्षा देना यह समय की आवश्यकता है ।

पंचांग श्रवण : ज्योतिषी की पूजा करके उनके द्वारा, अथवा किसी पंडित द्वारा नए वर्ष का पंचांग अर्थात वर्षफल का श्रवण किया जाता है। इस पंचांग श्रवण के फल का वर्णन इस तरह किया गया है।

"तिथेश्च श्रीकरं प्रोक्तं वारादायुष्य वर्धनम।नक्षत्राद्धरते पापं योगाद्रोगनिवारणम।।

करणाच्चिन्तितं कार्यं पंचांग फलमुत्तमम।एतेषां श्रवणान्नित्यं गंङ्गास्नानफलं लभेत।।

अर्थ : तिथि के श्रवण से लक्ष्मी प्राप्त होती है, वार (दिन) के श्रवण से आयुष्य बढ़ता है, नक्षत्र श्रवण से पाप नष्ट होते हैं, योग श्रवण से रोग नष्ट होते हैं, करण श्रवण से सोचे हुए कार्य पूर्ण होते हैं, ऐसा यह पंचांग श्रवण का उत्तम फल है। उसके नित्य श्रवण से गंगा स्नान का लाभ मिलता है।

नीम का प्रसाद : पंचांग श्रवण के बाद नीम का प्रसाद बांटा जाता है। यह प्रसाद नीम की पत्तियां, जीरा, हींग, भीगे हुए चने की दाल, एवं शहद इनको मिलाकर बनाया जाता है।

भूमि (जमीन) जोतना : इस दिन जमीन में हल चलाना चाहिए। हल चलाकर (जोतने की क्रिया से) नीचे की मिट्टी ऊपर आती है। मिट्टी के सूक्ष्म कणों पर प्रजापति लहरों का संस्कार होकर भूमि की उपजाऊ क्षमता अनेक गुना बढ़ जाती है। खेती के औजार एवं बैलों पर प्रजापति लहरें उत्पन्न करने वाले मंत्रों के साथ अक्षत डालनी चाहिए । खेतों में काम करने वाले लोगों को नए वस्त्र देने चाहिए, उस दिन खेतों में काम करने वाले लोगों एवं बैलों के भोजन में, पका हुआ कुम्हडा, मूंग की दाल, चावल, पूरण आदि पदार्थ होने चाहिए ।

सुखदायक कार्य : अनेक प्रकार के मंगल गीत, वाद्य एवं महान व्यक्तियों की कथाएं सुनते हुए यह दिन आनंद पूर्वक व्यतीत करना चाहिए। वर्तमान समय में त्यौहार का अर्थ मौज-मस्ती करने का दिन इस तरह की कुछ संकल्पना हो गई है। परंतु हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार त्यौहार का अर्थ है "अधिक से अधिक चैतन्य सकारात्मकता प्राप्त करने का दिन" होता है । इसलिए त्यौहार के दिन सात्विक भोजन, सात्विक वस्त्र, आभूषण धारण तथा अन्य धार्मिक कृत्य करने के साथ ही सात्विक सुखदायक कार्य करना चाहिए ऐसा शास्त्र बतलाते हैं। त्यौहार, धार्मिक विधियों के दिन एवं संवत्सराम्भ जैसे शुभ दिन नया अथवा रेशमी वस्त्र, एवं गहने धारण करने से देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। वस्त्रों में आकर्षित देवताओं की तरंगे वस्त्र में दीर्घकाल तक रहते हैं और इन वस्तुओं को पहनने से देवताओं के तत्व का लाभ वर्ष भर प्राप्त होता है ।

संवत्सरारम्भ के दिन की जाने वाली प्रार्थना : 'हे ईश्वर आज आप की ओर से आने वाले शुभ आशीर्वाद एवं ब्रह्मांड से आने वाली सात्विक तरंगें मुझे अधिक से अधिक ग्रहण होने दीजिए, इन तरंगों को ग्रहण करने की मेरी क्षमता नहीं है, मैं संपूर्ण रुप से आपके शरण आया हूं, आप ही मुझे इन सात्विक तरंगों को ग्रहण करना सिखाइए, यही आपके चरणों में प्रार्थना है !'

आनेवाले चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नए वर्ष की शुभकामना सभी को दें तथा यह शास्त्र सभी की बताएं, ऐसे आवाहन भी प्रवचन के अंत में किया गया ।

अमेरिकी वित्तीय क्षेत्र में उथल पुथल का असर भारतीय बैकों पर पड़ने की सम्भावना नहीं

अमेरिकी वित्तीय क्षेत्र में बैंकों पर भारी संकट आ गया है। अभी तक दो बैंक (सिलिकॉन वैली बैंक एवं सिग्नेचर बैंक) बंद हो चुके हैं और 6 अन्य छोटे आकार के बैंकों (फर्स्ट रिपब्लिक बैंक, वेस्टर्न अलाइन्स बैंक, पैकवेस्ट, यूएमबी फायनैन्शल सहित) पर गम्भीर संकट बना हुआ है। इन बैंकों में रोकड़ एवं तरलता की गम्भीर समस्या उत्पन्न हो गई है एवं इनके पास अपने जमाकताओं को भुगतान करने के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं है। इन बैकों के शेयरों की कीमत पूंजी बाजार में 14 से 30 प्रतिशत के बीच गिर चुकी है।

एक आंकलन के अनुसार अमेरिका के 160 बड़े बैंकों (जिनके पास 500 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि की आस्तियां हैं) को 20,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। अमेरिका की रेटिंग संस्थाओं स्टैंडर्ड एंड पूअर्स एवं फिच ने कुछ बैंकों की रेटिंग घटाकर जंक श्रेणी में डाल दी है क्योंकि यह बैंक अपने जमाकताओं को राशि वापिस करने की स्थिति में नहीं है। अमेरिका के सबसे बड़े बैंकों को भी भारी आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इनके अमेरिकी बांड्ज में किए गए निवेश की बाजार कीमत कम हो गई है। सिटी बैंक समूह को 4,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर, बैंक आफ अमेरिका को 2,120 करोड़ अमेरिकी डॉलर, जे पी मोर्गन चेज को 1,730 करोड़ अमेरिकी डॉलर, टरुइस्ट फायनैन्शल को 1,360 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वेल्ज फार्गो को 1,340 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं यूएस बैंक कॉर्प को 1,140 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। यह सभी बड़े बैंक हैं अतः इस नुक्सान को सहन कर जाएंगे परंतु छोटे बैंक तो असफल (फैल) ही हो जाने वाले हैं।

दरअसल, अमेरिकी बैंकों में समस्या वहां के केंद्रीय बैंक, यूएस फेड रिजर्व, द्वारा लगातार यूएस फेड रेट में की जा रही वृद्धि के चलते उत्पन्न हुई है। अमेरिका में समस्त बैंकों ने अमेरिकी बांड्ज में भारी भरकम निवेश किया हुआ है। पहिले चूंकि अमेरिका में ब्याज दरें कम थी अतः इन बांड्ज पर कूपन रेट (ब्याज दर) भी कम था और समय के साथ जैसे जैसे अमेरिका में ब्याज दरों का बढ़ना शुरू हुआ, नए बांड्ज बढ़ी हुई ब्याज दरों पर जारी किए जाने लगे। इसके कारण पुराने बांड्ज की बाजार कीमत कम होती चली गई क्योंकि इन बांड्ज पर कम ब्याज दर लागू थी। इन बांड्ज की

बाजार कीमत इतनी कम होती गई कि वह इन बांड्ज में निवेश की गई राशि से भी कम रह गई। अतः इन बैंकों को इन पुराने बांड्ज पर भारी भरकम नुक्सान हुआ है। इन बांड्ज को आज के समय में बाजार में बेचने पर इन बैंकों को अपने निवेश की राशि भी नहीं मिल पा रही है। इस प्रकार ये बैंक अपने जमाकताओं को राशि का भुगतान करने में असफल हो रहे हैं।

अमेरिका के साथ ही अन्य कई विकसित देशों ने भी मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लगातार ब्याज दरों में वृद्धि की है। अतः यूरोपीयन देशों में भी बैंकों में इसी प्रकार की समस्या आ सकती है। क्रेडिट स्विस नामक एक निवेश बैंक में तो इस प्रकार की समस्या दृष्टिगोचर भी है। इस बैंक के शेयर की कीमत पूंजी बाजार में 98 प्रतिशत तक गिर गई है। दरअसल, विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा, मुद्रा स्फीति जो कि कोविड महामारी एवं रूस यूक्रेन युद्ध के चलते उत्पादों की आपूर्ति में आई कमी के कारण उत्पन्न हुई थी, को उत्पादों की मांग में कमी करने के उद्देश्य से, ब्याज दरों में वृद्धि कर नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा था। यह अपने आप में एक सही निर्णय नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि उत्पादों की आपूर्ति बढ़ाने के स्थान पर उत्पादों की मांग कम करने के प्रयास किए जा रहे थे, जो कि एक नकारात्मक निर्णय कहा जा सकता है। इसके चलते कई संस्थानों को तो कर्मचारियों की छटनी भी करनी पड़ी है और अब विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों के इस निर्णय ने इन देशों की बैंकों के लिए भी एक गंभीर वित्तीय संकट खड़ा कर दिया है। अब यहां प्रश्न यह खड़ा हो रहा है कि अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों की बैंकों के सामने आए इस वित्तीय संकट का प्रभाव क्या भारतीय बैंकों पर भी पड़ेगा। इसके उत्तर में स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि भारत में चूंकि केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक ने पूर्व में ही कई निम्नलिखित निर्णय लिए हैं जिसके चलते भारतीय बैंकों की वित्तीय स्थिति इस संदर्भ में बहुत सुदृढ़ हो गई है।

बैंकिंग उद्योग किसी भी देश में अर्थ जगत की रीढ़ माना जाता है। बैंकिंग उद्योग में आ रही परेशानियों का निदान यदि समय पर नहीं किया जाता है तो आगे चलकर यह समस्या उस देश के अन्य उद्योगों को प्रभावित कर, उस देश के आर्थिक विकास की गति को कम कर सकती है। इसलिए पिछले 8 वर्षों के दौरान केंद्र सरकार ने बैंकों की लगभग हर तरह की समस्याओं के समाधान हेतु कई ईमानदार प्रयास किए हैं। गैरनिष्पादनकारी आस्तियों से निपटने के लिए दिवाला एवं दिवालियापन संहिता लागू की गई है। देश में सही ब्याज दरों को लागू करने के उद्देश्य से मौद्रिक नीति समिति बनायी गई है। साथ ही, केंद्र सरकार ने इंद्रधनुष योजना को लागू करते हुए, सरकारी क्षेत्र के बैंकों को 3.10 लाख करोड़ रुपए से अधिक की पूंजी उपलब्ध करायी है। साथ ही, दिनांक 30 अगस्त 2019 को देश की वित्त मंत्री माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमन ने बैंकिंग क्षेत्र को और अधिक मजबूत बनाए जाने के उद्देश्य से सरकारी क्षेत्र के बैंकों के आपस में विलय की घोषणा की थी। सरकारी क्षेत्र के बैकों की, समेकन के माध्यम से, क्षमता अनवरोधित (अनलाक) करने के उद्देश्य से ही सरकारी क्षेत्र के बैंकों के आपस में विलय की घोषणा की गई थी। इन बैंकों के विलय में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया था कि इनके विलय से किसी भी ग्राहक को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो, ये तकनीक के लिहाज से एक ही प्लैट्फार्म पर हों, इन बैंकों की संस्कृति एक ही हो तथा इन बैंकों के व्यवसाय में वृद्धि दृष्टिगोचर हो। वर्ष 2017 में भारत में सरकारी क्षेत्र के 27 बैंक थे लेकिन इनके आपस में विलय के बाद अब केवल 12 सरकारी क्षेत्र के बैंक रह जाएंगे। इस प्रकार देश में सरकारी क्षेत्र के बैंकों को अगली पीढ़ी के बैंकों का रूप दिया जा रहा है। उक्त विलय के बाद इन सरकारी क्षेत्र के बैंकों के बड़े हुए आकार ने इन बैंकों की ऋण प्रदान करने की क्षमता में अभितपूर्व वृद्धि की है।

अद्वितीय एवं अदम्य साहस की धनी– वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी

1817 से 1851 तक रामगढ़ राज्य के शासक लक्ष्मण सिंह थे। उनके निधन के बाद विक्रमाजीत सिंह ने राजगद्दी संभाली। उनका विवाह बाल्यावस्था में ही मनकेहणी के जमींदार राव जुझार सिंह की कन्या अवंतीबाई से हुआ। विक्रमाजीत सिंह बचपन से ही वीतरागी प्रवृत्ति के थे अतः राज्य संचालन का काम उनकी पत्नी रानी अवंतीबाई ही करती रहीं। उनके दो पुत्र हुए-अमान सिंह और शेर सिंह। अंग्रेजों ने तब तक भारत के अनेक भागों में अपने पैर जमा लिए थे जिनको उखाड़ने के लिए रानी अवंतीबाई ने क्रांति की शुरूआत की और भारत में पहली महिला क्रांतिकारी रामगढ़ की रानी अवंतीबाई ने अंग्रेजों के विरुद्ध ऐतिहासिक निर्णायक युद्ध किया जो भारत की आजादी में बहुत बड़ा योगदान है जिससे रामगढ़ की रानी अवंतीबाई उनका नाम पूरे भारत मैं अमरशहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई के नाम से हैं।

रामगढ़ के राजा विक्रमाजीत सिंह को विक्षिप्त तथा अमान सिंह और शेर सिंह को नाबालिग घोषित कर रामगढ़ राज्य को हड़पने की दृष्टि से अंग्रेज शासकों ने पालक न्यायालय (कोर्ट ऑफ वार्ड्स) की कार्यवाही की एवं राज्य के प्रशासन के लिए सरबराहकार नियुक्त कर शेख मोहम्मद तथा मोहम्मद अब्दुल्ला को रामगढ़ भेजा, जिससे रामगढ़ रियासत कोर्ट ऑफ वार्ड्स के कब्जे में चली गयी। अंग्रेज शासकों की इस हड़प

नीति का परिणाम भी रानी जानती थी, फिर भी दोनों सरबराहकारों को उन्होंने रामगढ़ से बाहर निकाल दिया। 1855 ई. में राजा विक्रमादित्य सिंह की एक दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। अब नाबालिग पुत्रों की संरक्षिका के रूप में राज्य शक्ति रानी के हाथों आ गयी। रानी ने राज्य के कृषकों को अंग्रेजों के निदेशों को न मानने का आदेश दिया, इस सुधार कार्य से रानी की लोकप्रियता बढ़ी।

1857 ईस्वी में सागर एवं नर्मदा परिक्षेत्र के निर्माण के साथ अंग्रेजों की शक्ति में वृद्धि हुई। अब अंग्रेजों को रोक पाना किसी एक राजा या तालुकेदार के वश का नहीं रहा। रानी ने राज्य के आस-पास के राजाओं, परगनादारों, जमींदारों और बड़े मालगुजारों का विशाल सम्मेलन रामगढ़ में आयोजित किया, जिसकी अध्यक्षता गढ़ पुरवा के राजा शंकरशाह ने की। इस गुप्त सम्मेलन के बारे में जबलपुर के कमिश्नर मेजर इस्काइन और मण्डला के डिप्टी कमिश्नर वाडिंग्टन को भी पता नहीं था।

गुप्त सम्मेलन में लिए गए निर्णय के अनुसार प्रचार का दायित्व रानी पर था। एक पत्र और दो काली चूड़ियों की एक पुड़िया बनाकर प्रसाद के रूप में वितरित करना। पत्र में लिखा गया- अंग्रेजों से संघर्ष के लिए तैयार रहो या चूड़ियां पहनकर घर में बैठो। पत्र सौहार्द और एकजुटता का प्रतीक था तो चूड़ियां पुरुषार्थ जागृत करने का सशक्त माध्यम बनी। पुड़िया लेने का अर्थ था अंग्रेजों के विरुद्ध क्रांति में अपना समर्थन देना। देश के कुछ क्षेत्रों में क्रांति का शुभारम्भ हो चुका था।

एमएलसी विशाल सिंह चंचल के 40 वें जन्मदिवस पर समर्थकों ने कही कटा केक तो कही मलिन बस्तियों में बांटी मिठाईयां

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज गाजीपुर एमएलसी विशाल सिंह चंचल जी का 40 वां जन्मदिवस है ,इस अवसर पर उनके समर्थक हर विधानसभाओं में, हर ब्लॉकों में धूम धाम से उनका जन्मदिवस मना रहे है, कहीं केक काटे जा रहे है तो कहीं मलिन बस्तियों में मिठाइयां बाँटी जा रही है तो कहीं स्वास्थ केन्द्रों पर फल मिठाई बाँटी जा रही है तो कहीं प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के बिच केक काट कर मिठाई बाँटी जा रही। बिरनो ब्लॉक में प्रमुख राजन सिंह के नेतृत्व में सादात ब्लॉक में राजेश सिंह, होकाडू सिंह, मुहम्मदाबाद मे दिनेश वर्मा जी के नेतृत्व में, जखनिया में अजय सिंह छुन्ना के नेतृत्व में, कासिमाबाद और बाराचवर में

ब्लॉक प्रमुख ब्रजेन्द्र सिंह एवं राम प्रताप पिंटू के छोटे भाई शिव प्रताप सिंह छोटू, मरदह मे शिव प्रताप सिंह छोटू एवं प्रधान संघ मरदह अरविन्द सिंह, करण्डा मे पूर्व प्रमुख घुरा सिंह, राजेश सिंह, रवि सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह बब्बलू लखनचंदपुर ,देवकली में प्रमुख उपेंद्र यादव, बीजेपी जिला पंचायत सदस्य अभय सिंह, भोला बिंद, सैदपुर में हिरा यादव, अनुप जायसवाल, राहुल सिंह, रेवतीपुर ब्लॉक में हर्ष सिंह विवेक सिंह, मनिहारी में प्रधान संघ अंशु सिंह और समस्त प्रधानगण, भदौरा मे अमित सिंह, अनिल यादव, सकील खान, शम्शतबरेज पिंटू, सदर में एमएलसी प्रतिनिधि प्रदीप पाठक, राजन सिंह, शिव प्रताप सिंह छोटू, जमानियाँ आमित नागवंशी, सनी सेठ, दाऊदपुर प्रधान, चितावनपट्टी प्रधान, ताजपुरमांझा प्रधान, महली प्रधान आदि के नेतृत्व में धूम धाम से मनाया गया। तत्पश्चात वृद्धा आश्रम में मिठाई फल बाँटी गई, साथ ही जरूरतमंद लोगों में साड़ियाँ, शाल, कपड़े बाटें गये तो कहीं बच्चों में केक काट के मिठाइयां बाँटी गई।

डॉ. फुरकान कमर को दिया गया गाजीपुर गौरव सम्मान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था साहित्य चेतना समाज का 38वाँ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह चेतना महोत्सव नगर के वंशीबाजार स्थित रॉयल पैलेस के सभागार में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ।समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इन्द्रेश कुमार तथा अध्यक्षता लोक गायन के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित अजिता श्रीवास्तव ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विशाल भारत संस्थान के अध्यक्ष डॉ.राजीव श्रीगुरुजी,वरिष्ठ साहित्यकार शेख जैनुल आब्दीन एवं प्रमुख उद्यमी ,रामजी केशरी रहे ।समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ।संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर ने संस्था के उद्देश्य व गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह में राजस्थान विश्वविद्यालय व हिमाचल प्रदेश के केन्द्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति,जामिया मिलिया इस्लामिया

नई दिल्ली के सेन्टर फॉर मैनेजमेंट स्टडीज के प्रोफेसर (डॉ.) फुरकान कमर को 'गाजीपुर गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया।गाजीपुर जनपद के बहरियाबाद निवासी डॉ.कमर ने कहा कि अपनों के बीच अपनों द्वारा प्राप्त सम्मान सभी सम्मानों से महत्वपूर्ण एवं श्रेष्ठ है।उन्होंने कहा कि शिक्षा एक ऐसा जरिया है जिसके सहारे लोगों के हालात बदल जाते हैं।शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी है,इसके बिना शिक्षा बेमानी है।सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों तक शिक्षा का प्रकाश फैलाना हम सभी का नैतिक व सामाजिक दायित्व है।जनपद स्तर पर बिना किसी शासकीय वित्तीय सहायता के विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं के साथ अन्य शैक्षिक, बौद्धिक, साहित्यिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर यह संस्था इस दायित्व का बखूबी निर्वहन कर रही है जो काबिलेतारीफ है। मुख्य अतिथि इन्द्रेश कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत ही एक ऐसा देश है जहाँ दुनिया में जितने धर्म,मत,पंथ, सम्प्रदाय व विचाराधाराएं हैं,सब स्वीकार हैं, सभी का सम्मान है।भारतीय सभ्यता व संस्कृति ही ऐसी है जो सभी को स्वीकार करती है।दुनिया का कोई देश ऐसी विविधताओं वाला नहीं है।यहाँ की सभ्यता व संस्कृति सभी का सम्मान करती है,स्वीकार करती है।हमारी पहचान जाति, उपजाति, धर्म उपधर्म, सम्प्रदाय, पंथ, मत से नहीं है।हमारी पहचान भारतीयता है।कोई भी व्यक्ति अपने धर्म, पंथ, सम्प्रदाय, जाति,भाषा से बड़ा नहीं होता।वह अपने कर्म और किरदार से बड़ा होता है।हमने अपनी उपासनाओं को भाषा से बांधकर उसे संकुचित करते हुए सत्य से दूर कर दिया।सत्य का साक्षात्कार ही चेतना है,साहित्य है,ज्ञान है,विज्ञान है।राजनेताओं के बहकावे में आकर हम लड़ते हैं,यह ठीक नहीं है।लड़ाई किसी समस्या का समाधान नहीं है।प्रेम व भाईचारे से ही किसी समस्या का समाधान संभव है।हमें अपनी मातृभूमि व राष्ट्र से प्रेम करना चाहिए।इस पर गर्व करना चाहिए।हमारे मन में राष्ट्र प्रथम,राष्ट्र अंत व राष्ट्र सदैव का भाव रहना चाहिए।राष्ट्र-प्रेम का भाव ही हमें देशवासियों से प्रेम का मार्ग प्रशस्त करेगा।

निकाय चुनाव में जनता का आशीर्वाद मिला तो हाउस टैक्स ऑफ और वाटर टैक्स करेंगे माफ : जिला प्रभारी वाराणसी

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जिला प्रभारी पवन कुमार तिवारी अधिवक्ता उच्च न्यायालय ने पत्रकार वार्ता कर कहा कि निकाय चुनाव आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी का प्रत्याशी विजयी होता है तो हम हाउस टैक्स हाफ और वॉटर टैक्स माफ करेंगे साथ ही शहर मे सफाई की उचित व्यवस्था की जाएगी उन्होंने कहा देश की जनता ने प्रधानमंत्री के चुनाव में नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री के चुनाव में योगी आदित्यनाथ को मौका दिया क्योंकि निकाय चुनाव का मुख्य मुद्दा साफ सफाई का होता है जिसे झाड़ू वाले ही कर सकते है हमारा चुनाव चिन्ह ही झाड़ू है इसलिए हमे पूरा भरोसा है कि इस चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता आम आदमी पार्टी को मौका देगी उन्होंने कहा कि आज देश की जनता अरविंद केजरीवाल के सिद्धांतों से अत्यधिक प्रभावित है और यही कारण है कि दिल्ली की जनता ने तीन बार अरविंद केजरीवाल को चुना क्योंकि उन्हें मुख्यमंत्री केजरीवाल का शिक्षा, स्वास्थ्य ,चिकित्सा, यातायात, बिजली-पानी का मॉडल पसंद आया और इन्हीं मुद्दों पर जनता ने पंजाब की कमान भी आम आदमी पार्टी को सौंप दी `जिलाध्यक्ष ई.रमाशंकर सिंह पटेल एवं महानगर अध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने कहा उत्तर प्रदेश के 763 नगर निकायों में से 633 नगर निकायों में आम आदमी पार्टी अपने प्रभारी घोषित कर दिए हैं जिनमे हमारे जिले वाराणसी मे मात्र एक नगर पंचायत गंगापुर में डा.विनोद कुमार वर्मा प्रभारी और नगर निगम की विधानसभा रोहनिया आंशिक एवं कैंट विधानसभा के प्रभारी रवि शंकर मौर्य, दक्षिण विधानसभा प्रभारी अब्दुल रकीब एडवोकेट एवं शिवपुर आंशिक एवं उत्तरी विधानसभा प्रभारी राहुल द्विवेदी एडवोकेट, विधानसभा प्रभारी बनाए जा चुके हैं पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी घनश्याम पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष जेपी दुबे, प्रमोद श्रीवास्तव, रोहित मौर्य, अमित वर्मा,सहित साथी शामिल हुए।

संक्षिप्त खबरें

चौथे दिन चालू हुई पिंडरा व नेवादा की आपूर्ति

प्रखर पिंडरा वाराणसी। विद्युत कर्मियों के हड़ताल के बावजूद पिंडरा व नेवादा विद्युत उपकेंद्र से चार दिन बाद सोमवार को अपराह्न में विद्युत आपूर्ति शुरू हुई। जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश दिखा। बताते हैं कि हड़ताल खत्म होने के बाद जब आपूर्ति चालू करने की कोशिश की गई तो गजोखर स्थित 220 एमबीए के स्टेशन में खराबी आ गई। किसी तरह इंसुलेटर बदलने के बाद रविवार को रात्रि बजे आपूर्ति चालू हुई उसके दो घण्टे बाद आंधी पानी के चलते आपूर्ति ठप हो गई। लोकल फाल्ट ठीक होने के बाद सोमवार को अपराह्न में आपूर्ति चालू हुई। जिसके चलते सभी के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शोपीस बन गए वही पेयजल नलकूप भी चार दिनों से ठप रहे। जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश दिखा और पिंडरा व नेवादा उपकेंद्र पहुँच कर रोष जताया। पिंडरा निवासी रमेश जायसवाल व नेवादा निवासी पप्पू सिंह ने कहाकि विद्युतापूर्ति ठप होने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया और अधिकारी मौन धारण किये हैं। वही एसडीओ संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि रात में आई आंधी पानी के चलते फाल्ट हुए थे। जिसे दोपहर में ठीक कर लिया गया।

निःशुल्क प्रसूति एवं स्त्री रोग परामर्श शिविर का अयोजन

प्रखर वाराणसी। सोमवार को निशुल्क प्रसूति एवं स्त्री रोग एवं निःसंतान दंपत्ति के लिए परामर्श शिविर का आयोजन हुआ। यह शिविर जे०पी० मल्टीस्पेश्यलिटी हॉस्पिटल एवं अथर्व इंफर्टिनीटी सेंटर, फरीदपुर, वाराणसी के तत्वाधान में श्री महंत राम आजाद दास इंटर कालेज, सादुल्लहपुर, गाजीपुर मे आयोजित किया गया। शिविर में मरीजों की स्वास्थ्य जांच एवं निशुल्क दवा का वितरण कराया गया। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संध्या यादव पूर्व सीनियर रेजिडेंट, बी एच यू एवं अन्य चिकीत्सक टीम द्वारा स्त्री रोगों से जुड़ी समस्याओं के निदान हेतु परामर्श दिया गया। कुल 104 मरीजों में सर्वाधिक 47 महिलाओं में महावारी संबंधी अनियमितताएं पाई गई, 16 महिलाओं में पी०सी०ओ०डी०, 8 महिलाओं में फाइब्रॉराइड तथा 14 मरीजों में ल्यूकोरिया, कुछ मरीजो में बांझपन प्रेगनेंसी के दौरान ब्लडप्रेशर एवं रक्त की कमी आदि समस्याएं देखी गई एवं उचित परामर्श तथा दवा वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त कुछ पुरुष मरीजों का 'इलाज हेतु परामर्श दिया गया। डॉ संध्या ने बताया कि पी०सी०ओ०डी० के कारण महिलाओं में बांझपन, अनियमित महावारी एवं मोटापा की समस्याएं होती हैं। शिविर में पूर्व प्रधान जितेंद्र यादव, जगदीश यादव, शेषनाथ बिंद, प्रबंधक अमित यादव, कमलेश पांडेय, दिनेश यादव, दूधनाथ राजभर, बहादुर विश्वकर्मा आदि बड़ी संख्या में गढ़मान्य नागरिक उपस्थित थे।

28 राशि गाय समेत एक तस्कर पुलिस की गिरफ्त में

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के सुकृत बॉर्डर के समीप बैजू बाबा आश्रम के पास अवैध रूप से तस्करी कर जंगल के रास्ते बिहार ले जा रहे 28 राशि गाय को आज रात मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर अहरौरा पुलिस ने पकड़ा। मौके से पशु तस्करी में शामिल एक तस्कर भी पकड़ा गया है पकड़ा गया आरोपी पप्पू उर्फ राम सागर पुत्र डांगर कोल निवासी सुक्रित तकिया थाना रावटसगंज जनपद सोनभद्र सुसंगत धाराओं में पुलिस ने कार्रवाई कर जेल भेज दिया अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से दो तस्कर भागने में सफल रहे जिनका पुलिस काफी सरगर्मी से तलाश कर रही है।

चैत्र नवरात्र,रमजान व रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न कराने को पीस कमेटी की हुई बैठक

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। स्थानीय थाना परिसर में आगामी चैत्र नवरात्र,रमजान व रामनवमी पर होने वाले भव्य शोभायात्रा को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई जिसमें थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह ने रामाजान मे मस्जिदों के पास सुरक्षा व्यवस्था साफ-सफाई एवम हिंदू नववर्ष पर होने वाले भव्य राम जन्म शोभायात्रा के बारे में और नगर के विभिन्न मंदिरों व देवालयों में होने वाले चैत्र नवरात्र को देखते हुए पुरे रूट की जानकारी प्राप्त किया। नगर पालिका द्वारा नगर में साफ सफाई के लिए पदाधिकारी व नगर के प्रमुख मंदिरों के महंत पुजारी भंडारी देवी धाम, मां दुर्गा देवी धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर आदि धामों के उपरोहित मौजूद रहे। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री गोपाल, नगर मंत्री राम सेवक जायसवाल, उपाध्यक्ष विकाश सिंह, इत्तेहादुल मुस्लिमीन कमेटी के सेक्रेटरी हनीफ अंसारी, हाफिज रौसन अली,कल्लू बाबा, प्रहलाद विश्वकर्मा, सुनिल कुमार, विपिन कुमार, राजेश गुप्ता, सर्वेश कुमार, प्यारेलाल, पंकज आदि पदाधिकारी, पुलिस उप निरीक्षक गण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

युवती को शादी झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

प्रखर मिजार्पुर। थाना अदलहाट पर वादिनी की तहरीर के आधार पर नामजद अभियुक्त के विरूद्ध थाना पर दिनांक 23.02.2023 को मु0अ0सं0-29/2023 धारा 376,406, 427,452,506 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा युवती के साथ हुई उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक अदलहाट को निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः18.03.2023 को उ0नि0 संजय कुमार सिंह मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना अदलहाट पर पंजीकृत मु0अ0सं0-29/2023 से सम्बन्धित अभियुक्त धर्मेन्द्र सोनकर पुत्र लल्लन प्रसाद सोनकर निवासी निजामुद्दीनपुर थाना अदलहाट को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

मंत्री आशीष पटेल ने सोमवार को जनसंवाद के दौरान जनपदवासियों की समस्याओं का किया निस्तारण

प्रखर मिजार्पुर। अपना दल (एस) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप मंत्री आशीष पटेल ने सोमवार को जनपद के सरदार पटेल चौराहा स्थित संसदीय जनसंपर्क कार्यालय में जनपद के विभिन्न हिस्सों से आये हुए लोगों से मुलाकात की एवं संबंधित अधिकारियों से बात कर लोगों की समस्याओं को तत्काल निस्तारण का निर्देश दिया। जिसपर माननीय कैबिनेट मंत्री श्री पटेल ने आए हुए सभी जनता जनार्दन की समस्या सुनकर संबंधित विभाग व अधिकारी को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देश दिया। जनसंवाद के दौरान जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद, राष्ट्रीय महासचिव रमाशंकर पटेल, राष्ट्रीय सचिव विनोद गंगवार, राष्ट्रीय सचिव मुन्नार प्रजापति, मड़ियाहूं विधायक डॉक्टर आरके पटेल, प्रदेश अध्यक्ष व्यापार मंच पुष्कर चौधरी,किसान मंच प्रदेश अध्यक्ष वंश बहादुर पटेल, प्रदेश सचिव अनुसूचित ज्ञानचंद कनौजिया, प्रदेश सचिव आनंद सिंह पटेल, प्रदेश महासचिव आईटी मंच दुर्गेश पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच रामवृक्ष बिंद,युवा मंच जिलाध्यक्ष उदय पटेल, जिलाध्यक्ष आईटी मंच हेमंत बिंद, जिला अध्यक्ष व्यापार मंच अशोक पटेल, जिला उपाध्यक्ष संजय उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पटेल, जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम पटेल, एडवोकेट संतोष विश्वकर्मा, शशीकांत पटेल, नसीम कुरैशी, सुरेश पाल, आमिर खान, उक्त आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने दी।

आयोजित किया गया अपर पुलिस अधीक्षक नगर गोपीनाथ सोनी का विदाई समारोह

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज 20 मार्च 2023 को रिजर्व पुलिस लाइन गाजीपुर में अपर पुलिस अधीक्षक नगर गोपीनाथ सोनी का विदाई समारोह आयोजित किया गया था। आयोजन में पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा उनके कार्यकाल तथा जनपद गाजीपुर में दी गई सेवाओं का विस्तार पूर्वक प्रशंसा की गई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के द्वारा भी शुभकामनाएं एवं बधाई दिया गया अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा बताया गया कि मेरी सेवा कुल 33 महीने 6 दिनों का जनपद गाजीपुर में कार्यकाल रहा है। विदाई समारोह में समस्त क्षेत्राधिकारी समस्त थानाध्यक्ष प्रतिसार निरीक्षक गाजीपुर व समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

साईबर अपराध से बचाव की दी गई जानकारी एवं भव्य कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

गौरीशंकर पाण्डेय सरस की खास रिपोर्ट

प्रखर गाजीपुर। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति लखनऊ के तत्वाधान में गांधी पार्क आमघाट में अपराध निरोधक जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत, भव्य कवि सम्मेलन सम्मान समारोह रविवार की देर शाम संपन्न हुआ। समिति के चेयरमैन डॉ उमेश शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय छपरा बिहार के पूर्व कुलपति प्रो. हरिकेश सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेंद्र नाथ सिंह तथा नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने साइबर अपराध से बचाव की जानकारी देते हुए लोगों से सतर्क रहने का आह्वान किया और आवश्यकता पड़ने पर शासन द्वारा जारी फोन नम्बरों की जानकारी दी। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मंचासीन कवियों ने कार्यक्रम में ऐसी शमां बांधी कि श्रोता देर रात तक उनकी कविताओं और गीतों पर झूमते रहे। प्रमुख कवियों में यशवन्त सिंह यश,कुमार प्रवीण, विजय कुमार मधुरेश,बालेश्वर विक्रम,हेमन्त निर्भिक,दिलीप चौहान वागी, राकेश शर्मा तथा कवियित्रियों में रश्मि शाक्या। पूजा राय, अनुश्री, यशोदा नैलवाल, उरुज फातिमा आदि कवियित्रियों ने अपनी रचनाओं से लोगों की वाहवाही लूटी। समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय कार्य करने वालों व पत्रकारों को समिति द्वारा स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्रम तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को को सफल बनाने में समिति के प्रांतीय सह सचिव मयंक सिंह, जोन सचिव ए.के राय, मिजार्पुर मंडल सचिव आनंद विश्वकर्मा, कुशीनगर सचिव राज सिंह, जौनपुर सचिव सर्वेश सिंह,अमरेश मिश्रा, हाथरस सचिव शुभम सहित अजय आनन्द,डा डीपी सिंह, अम्बरीष सिंह, श्री स्वीट्स,डा लाल पैथ लैब, माहेश्वरी स्वीट्स, सन एल ई डी,एस एम पैलेस, डा पूजा श्रीवास्तव, माया नायर, तृप्ति श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का सफल संचालन संजीव अरुण कुमार व मिस नार्थ इंडिया जयति जैन ने संयुक्त रूप से किया।

प्रसूति एवं स्त्री रोगियों के लिए लगाया गया परामर्श शिविर

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज सोमवार को प्रसूति एवं स्त्री रोग एवं निःसंतान दंपत्ति के लिए निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जे०पी० मल्टीस्पेश्यलिटी हॉस्पिटल एवं अथर्व इंफर्टिनीटी सेंटर, फरीदपुर, वाराणसी के तत्वाधान में श्री महंत राम आजाद दास इंटर कालेज, दुल्लहपुर, गाजीपुर मे आयोजित किया गया। शिविर में मरीजों की स्वास्थ्य परीक्षण एवं निशुल्क दवा का वितरण कराया गया। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संध्या यादव पूर्व सीनियर रेजिडेंट, बी एच यू एवं अन्य चिकीत्सको की टीम द्वारा स्त्री रोगों से जुड़ी समस्याओं के निदान हेतु परामर्श दिया गया। कुल 104 मरीजों में सर्वाधिक 47 महिलाओं में महावारी संबंधी अनियमितताएं पाई गई, 16 महिलाओं में पी०सी०ओ०डी०, 8 महिलाओं में फाइब्रॉराइड तथा 14 मरीजों में ल्यूकोरिया, कुछ मरीजो में बांझपन प्रेगनेंसी के दौरान ब्लडप्रेशर एवं रक्त की कमी आदि समस्याएं देखी गई एवं उचित परामर्श तथा दवा

वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त कुछ पुरुष मरीजों का 'इलाज हेतु परामर्श दिया गया। डॉ संध्या ने बताया कि पी०सी०ओ०डी० के कारण महिलाओं में बांझपन, अनियमित महावारी एवं मोटापा की समस्याएं होती हैं। शिविर में पूर्व प्रधान जितेंद्र यादव, जगदीश यादव, शेषनाथ बिंद, प्रबंधक अमित यादव, कमलेश पांडेय, दिनेश यादव, दूधनाथ राजभर, बहादुर विश्वकर्मा आदि बड़ी संख्या में गढ़मान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बेमौसम बरसात से चिंतित हुए किसान, सीवर की खुदाई से शहर में चलना दुश्वार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिले में हुए बेमौसम बरसात से जहां लोगों को गर्मी में राहत महसूस हुई है वही दूसरी ओर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ा दी है। यह बताते चलें की गत रात से शुरू हुई बारिश का सिलसिला आज सोमवार को दोपहर तक जारी रहा। जिले के कुछ क्षेत्रों में ओले भी पढ़ने की सूचना प्राप्त हुई है। सैदपुर क्षेत्र में गत रात से लेकर आज दोपहर तक लगातार रुक रुक कर बरसात होती रही है जिससे तापमान में भारी गिरावट आ गई है। सड़कों पर जमे कीचड़ और पानी से लोगों का आना-जाना दुभर बना हुआ है। जबकि गाजीपुर नगर क्षेत्र में सीवर की हो रही खुदाई से फुल्लनपुर, पीरनगर, गोरा बाजार क्षेत्र में सड़कों पर भारी कीचड़ का फैलाव हो जाने से लोगो का आना जाना दुश्वार हो गया है। जमानिया जखनिया शिवराय कासिमाबाद तहसील क्षेत्रों में गरज और चमक के साथ रुक रुक कर बारिश होने की वजह से पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

ममता सिंह निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

प्रखर डेस्क। मेरे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि मेरी भाभी ममता सिंह पत्नी महेंद्र प्रताप सिंह साधन सहकारी समिति लिमिटेड रौना कला वाराणसी की लगातार दूसरी बार और इस बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित हुई है बता दें कि विगत तीन दशक से

लगातार साधन सहकारी समिति लिमिटेड रौना कला पर मेरे परिवार का राजनीतिक वर्चस्व रहा है, वर्ष 1994 से 2017 तक डायरेक्टर का पद मेरे भाई श्री महेंद्र प्रताप सिंह जी सुशोभित करते चले आ रहे हैं दो बार के अंतराल पर चार बार अध्यक्ष पद का निर्वहन कर चुके हैं हर बार तो काफी गहमागहमी और उठापटक के साथ सफलता मिलती रही है लेकिन इस बार तो बहुत ही आसानी से और सभी डायरेक्टर भी निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो गए इसलिए विशेष खुशी हो रही है निदेशक मंडल में मेरे प्रिय भाई त्रिवेणी सिंह, संजय कुमार सिंह, अशोक कुमार यादव जी, जय प्रकाश सिंह, राजेश सिंह बबलू , राजेंद्र प्रसाद यादव उर्फ करिया, चिंटू प्रसाद व रीता सोनकर पत्नी धन्नी सोनकर पूर्व प्रधान मुनारी का निर्विरोध निर्वाचन भी मेरे लिए गर्व का विषय है। साथ ही सभी निर्वाचित सदस्यों को जय प्रकाश पांडे सांसद विद्युत प्रतिनिधि अजगरा /शिवपुर विधानसभा, प्रियांशु मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष भाजपा चौबेपुर मंडल ,डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह, विनोद कुमार पांडे पूर्व ग्राम प्रधान भभियार, राहुल सोनकर रामवृक्ष यादव पूर्व प्रधानाध्यापक , संजय कुमार सिंह पूर्व ग्राम प्रधान रौना खुर्द के साथ मैं भी माल्यार्पण कर बधाई दिये।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया एनीमिया को लेकर प्रशिक्षण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत साप्ताहिक आयरन संपूर्ण कार्यक्रम का प्रशिक्षण ब्लाक मरदह के सभागार में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकताओं को दिया

गया प्रशिक्षण देते हुए ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक प्रेम प्रकाश राय ने बताया कि एनीमिया एक प्रमुख जन समस्या है जिसका मुख्य कारण अल्प पोषण और खानपान में आयरन तत्वों की कमी होना है उत्तर प्रदेश सरकार किशोर किशोरियों में एनीमिया की रोकथाम के उद्देश्य एनीमिया मुक्त भारत के अंतर्गत साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड का कार्यक्रम क्रियान्वित कर रही है इसमें आयरन गोलियों का प्रबंधन तथा किशोरावस्था में एनीमिया से बचाव के लिए उपयुक्त आयरन एवं प्रोटीन की समुचित मात्रा वाले खाद्य पदार्थ जैसे हरी सब्जी, अंकुरित आहार दाले, गुड़ भुना चना दूध अंडे आज को आहार में शामिल करना है प्रचुर मात्रा में आयरन युक्त आहार का सेवन करने के साथ-साथ आयरन की गोली लेना भी अति आवश्यक है प्रशिक्षण के उपरांत उपस्थित सभी आंगनवाड़ी कार्यकताओं को ब्लॉक प्रमुख सीता सिंह तथा जिला पंचायत सदस्य शैलेश जी के द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया प्रमाण पत्र वितरण के उपरांत आंगनबाड़ी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सीता सिंह ने कहा कि एनीमिया एक गंभीर समस्या है जो स्वास्थ्य के साथ-साथ शारीरिक व मानसिक क्षमता को भी विपरीत रूप से प्रभावित करती है यह विश्व में सबसे अधिक पाए जाने वाले पोषण संबंधी कमियों में से एक है कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी राजेश सिंह, मुख्य सेविका रमापति गुप्ता, कुमारी देवी, कान्ति देवी, रमामति के अलावा सैकड़ों आँगनवाड़ी कार्यकर्त्री उपस्थित थी।

मिशन शक्ति अभियान के तहत नगसर हाल्ट पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में थानाध्यक्ष नगसर हाल्ट पुलिस द्वारा सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत नगसर हाल्ट पुलिस थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूलों/कॉलेजों, मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया, तथा बेवजह घुमने वाले सोहदों/मनचलों को कड़ी चेतावनी दी गयी।

अमर होने की चाहत में सामवेद से कर बैठा इश्क : डॉ. इकबाल दुर्रानी

■ नई दिल्ली (आईएएनएस)।

■ इकबाल दुर्रानी ने किया सामवेद का हिंदी व उर्दू में अनुवाद

■ सामवेद में प्रार्थना है, याचना है, पाकीजगी है, फरियाद है, आत्मसमर्पण है। जब तक दुनिया है, तब तक सामवेद भी रहेगा इसीलिए मैंने सामवेद का अनुवाद करने का फैसला किया, ताकि इसी के साथ मेरा भी अस्तित्व कयामत तक बना रहे

सामवेद में प्रार्थना है, याचना है, पाकीजगी है, फरियाद है, आत्मसमर्पण है। जब तक दुनिया है, तब तक सामवेद भी रहेगा। इसीलिए मैंने सामवेद का अनुवाद करने का फैसला किया, ताकि इसी के साथ मेरा भी अस्तित्व कयामत तक बना रहे। यह बात सामवेद का हिंदी और उर्दू में अनुवाद करने वाले फिल्म लेखक व निर्देशक डॉ. इकबाल दुर्रानी ने कही।

डॉ. दुर्रानी ने कहा कि सामवेद में वो अंदाज हैं, जैसे बंदा खुदा से बातें कर रहा हो कि हे ईश्वर मुझे ज्ञान दे, मुझे आत्मबल दे। मुझे इसमें एक इश्क लगा और एक आशिक को इश्क के अलावा कुछ और नहीं चाहिए। इसका फल मुझे तब मिला जब इसके विमोचन के मौके पर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मुझे मंच पर बुलाया, मेरी प्रशंसा की और मुझे गले लगाकर भाई जैसा प्यार दिया। यह मेरे लिए गर्व की बात है।

इकबाल दुर्रानी ने बताया कि सामवेद का हिंदी व उर्दू में अनुवाद करने में मुझे 6 साल लग गए, लेकिन कुदरत 50 साल पहले से इसे कराना चाहती थी। उन्होंने कहा कि मेरे दादाजी संस्कृत के टीचर थे। जब मैं उनके स्कूल में जाता था, तो वहां लोग मुझे पंडित जी का पोता कहते थे। संस्कृत मेरे डीएनए में आ गया था। कुदरत को मुझसे सामवेद का अनुवाद कराना था। मेरा गांव मंदार पर्वत के सामने है। उल्लेखनीय है कि मंदार पर्वत वह पर्वत है, जिससे समुद्र मंथन हुआ था। मंथन से ऐरावत हाथी, लक्ष्मी जी, विष आदि निकला, तो वह भी मेरा एक प्रेरणास्रोत बन गया।

फिर वही हुआ मैं समुंदर के पास चला गया मुंबई, समुद्र मंथन करने। वहां मैंने खूब मंथन किया और मुझे कामयाबी मिली। मेरी जिंदगी ऐसी राहों से गुजरी, जहां धार्मिक कट्टरता से मेरी मुलाकात ही नहीं हुई। पहले ऊपर वाले ने मेरे दिल के जमीर को नरम बनाया, फिर उसी ने सामवेद लिखने का बीज मेरे अंदर डाल दिया। डॉ. दुर्रानी ने कहा, मैं सपने में भी सोच नहीं सकता था कि मैं सामवेद लिख पाऊंगा या लिखूंगा, ऊपर वाले की मर्जी थी कि उसने मेरे दिल में यह बात डाल दी और उसने यह काम मुझसे करवा लिया। साढ़े 5 साल तक मैंने सामवेद पर काम किया। फिर जब मैंने सामवेद का हिंदी और उर्दू में अनुवाद कर लिया, तो मैंने सोचा इसको किसी प्रकाशक को दे दिया जाए। वह इसे छापकर मार्केट में उतार देगा और 400-500 सौ रुपए में बिकने लगेगी। लेकिन मेरे दिल ने यह बात गवारा नहीं समझा।

उन्होंने कहा, मैं फिल्म का आदमी हूं, तो अच्छे से सोचता हूं कि बड़ा हीरो हो, अच्छी सी लोकेशन हो, अच्छे से सजाओ, अच्छे से प्रजेंट करो, तो यह बात मेरे अंदर के फिल्मी आदमी ने सोचा कि इसको इतने अच्छे से प्रजेंट करो कि दुनिया में इतना खूबसूरत सामवेद किसी ने ना प्रजेंट किया हो। इसलिए मैंने तस्वीरों के साथ इसको डिजाइन किया, ताकि लोग इन तस्वीरों के बहाने किताबों के पन्नों को पलटे, देखें, पढ़ें जिससे लोगों को महसूस हो कि इकबाल दुर्रानी सिर्फ एक लेखक ही नहीं, बल्कि आशिक भी हैं। जैसे आशिक अपने महबूब को सजाता है, उसी तरह मैंने सामवेद को सजाया है।

अब सामवेद के हिंदी और उर्दू अनुवाद का विमोचन भी हो गया और यह बाजार में भी आ जाएगा। उन्होंने बताया कि हम इसको प्रति एपिसोड के हिसाब से शूट भी करने वाले हैं, ताकि नई पीढ़ी यू-ट्यूब पर हर दिन 2 एपिसोड देखे।

डॉ. दुर्रानी ने कहा कि जब मैंने सामवेद लिखना शुरू किया, तो फिल्म वाले लोगों ने सोचा कि मैंने ऊपर वाले का काम करना शुरू कर दिया है, अब तो मैं स्क्रिप्ट लिखूंगा नहीं, तो लोगों ने आना बंद कर दिया।

प. बंगाल में हाथियों की रक्षा करेंगे गजमित्र

कोलकाता (आईएएनएस)। मानव-हाथी संघर्ष (एचईसी) की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए पश्चिम बंगाल ने गजमित्र (हाथियों के मित्र) नाम से एक अनूठी पहल शुरू की है। इस योजना के तहत राज्य के वन विभाग ने उत्तर बंगाल के साथ-साथ दक्षिण बंगाल में 600 स्थानीय युवाओं को गजमित्रों के रूप में नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पश्चिम बंगाल के वन मंत्री ज्योतिप्रियो मलिक के मुताबिक भर्ती प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा, एक बार भर्ती प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद, चयनित युवाओं को विशेष रूप से विकसित गजमित्र ऐप के साथ एंड्रॉइड सेट प्रदान किए जाएंगे। मंत्री ने कहा कि चयनित युवा हाथी के झुंड की आवाजाही के बारे में अग्रिम जानकारी प्राप्त करेंगे, वन विभाग और स्थानीय लोगों को सतर्क करेंगे ताकि संघर्ष से बचने के लिए निवारक उपाय किए जा सकें। यह पता चला है कि 200 ऐसे गजमित्रों को दक्षिण बंगाल में प्रतिनियुक्त किया जाएगा, जबकि 400 उत्तर बंगाल के लिए होंगे। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, उत्तरी बंगाल के मामले में यह संख्या दोगुनी है क्योंकि उत्तर बंगाल में संघर्ष की घटनाएं दक्षिण बंगाल की तुलना में काफी ज्यादा हैं। गजमित्र योजना के तहत आने वाले दक्षिण बंगाल के जिलों में पश्चिम मिदनापुर, पूर्वी मिदनापुर, बांकुरा, पुरुलिया शामिल हैं। उत्तर बंगाल में इसके दायरे में आने वाले जिले दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार हैं। अधिकारी ने कहा, उत्तर बंगाल में संघर्ष जिलों की संख्या कम होने के बावजूद, इन मामलों में घटनाएं बहुत अधिक हैं।

अनूठी पहल

■ **इस योजना के तहत राज्य के वन विभाग ने उत्तर बंगाल के साथ-साथ दक्षिण बंगाल में 600 स्थानीय युवाओं को गजमित्रों के रूप में नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है**

यह देखते हुए कि उत्तर बंगाल में संघर्ष की घटनाएं अधिक हैं, रेलवे के सहयोग से वन विभाग ने इस क्षेत्र में इस गिनती पर एक और परियोजना निर्धारित की है। यह परियोजना उत्तर बंगाल में तराई और दुआर क्षेत्र के जंगलों के माध्यम से चलने वाली रेलवे पटरियों के साथ एक संवेदनशील सेंसर अलार्म सिस्टम की स्थापना है, ताकि तेज रफ्तार ट्रेनों से टकराने के बाद हाथियों की मौत को रोका जा सके। अधिकारी ने कहा, यह पहल इस बात पर विचार कर रही है कि इन रेलवे पटरियों का एक बड़ा हिस्सा जंगलों से होकर गुजरता है, जहां कई महत्वपूर्ण हाथी गलियारे हैं। यह सेंसर अलार्म सिस्टम कैसे काम करेगा, इस बारे में बताते हुए अधिकारी ने कहा कि रेल की पटरियों के पास हाथियों के झुंड के आने पर सिस्टम नजदीकी रेलवे स्टेशन के साथ-साथ नजदीकी वन रेंज कार्यालय को अलर्ट भेजेगा। अलर्ट मिलने पर निकटतम रेलवे स्टेशन इस क्षेत्र में चलने वाली ट्रेनों के चालकों को अलर्ट भेजेगा, ताकि वे धीमे हो जाएं और हाथियों से टकराने से बच सकें। दूसरी ओर, वनकर्मी अलार्म प्राप्त करने पर रेलवे ट्रैक से हाथियों के झुंड को सुरक्षित दूर ले जाने के लिए पास के रेंज कार्यालय में एहतियाती कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा, पायलट प्रोजेक्ट के तहत जलपाईगुड़ी जिले के नागराकाटा में डायना रिवर ब्रिज से अलीपुरद्वार के मथारीहाट तक लगभग 50 किमी की दूरी तय करते हुए सिस्टम स्थापित किया जाएगा। यह क्षेत्र मानव-हाथी संघर्ष के लिए विशेष रूप से कुख्यात है।

यहां होती है हाथियों की सबसे अधिक मौत

■ तीन वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल में ट्रेन दुर्घटनाओं में 11 हाथियों की मौत

कोलकाता (आईएएनएस)। पश्चिम बंगाल में हाथियों की आबादी सिर्फ दो प्रतिशत है, लेकिन मानव-हाथी संघर्ष के कारण मरने वालों की संख्या सबसे अधिक है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार तीन वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल में ट्रेन दुर्घटनाओं में 11 हाथियों की मौत हो चुकी है।

विशेषज्ञ इसके लिए हाथियों के पसंदीदा गलियारों में बढ़ती मानव बस्तियों को जिम्मेदार ठहराते हैं। उत्तर बंगाल के मामले में चाय के बगान और उनके आसपास बढ़ती मानव बस्ती मुख्य समस्या है। दक्षिण बंगाल में, रेलवे पटरियों और कृषि क्षेत्रों की उपस्थिति हाथी के बाधा-मुक्त मार्ग में अवरोध उत्पन्न करती है। पश्चिम बंगाल के वन मंत्री ज्योतिप्रियो मुल्लिक ने घोषणा की है कि जल्द ही उत्तर बंगाल में अलीपुरद्वार, जलपाईगुड़ी और बागडोगरा और दक्षिण बंगाल में बांकुरा, पुरुलिया और झारग्राम को कवर करते हुए समर्पित हाथी गलियारे की स्थापना के लिए पहली परियोजना शुरू होगी। इससे मानव-हाथी संघर्ष कम होगा। 620 करोड़ रुपये की लागत से लागू की जाने वाली इस परियोजना को जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा। हालांकि, वन्यजीव विशेषज्ञों को कई कारणों से समर्पित हाथी गलियारा परियोजना की सफलता पर संदेह है।

काम में खुशी तलाशने के सात उपाय

■ एक व्यक्ति अपने जीवन में औसतन 90,000 घंटे काम करता है, तो बेहतर है कि इसका आनंद उठाया जाए

■ मैनचेस्टर (द कन्वरसेशन)।

हममें से ज्यादातर लोग काम करते हैं, लेकिन यह हमेशा आनंददायक नहीं होता है। चाहे लंबे समय तक चलने वाला काम हो, थका देने वाला काम हो या दिनचर्या से जुड़ा काम हो, कई बार हम सिर्फ करने के लिए काम करते हैं, भले ही हमें वह करना अच्छा न लगता हो। लेकिन क्या आपको पता है कि एक व्यक्ति अपने जीवन में औसतन 90,000 घंटे काम करता है, तो बेहतर है कि इसका आनंद उठाया जाए। हालांकि, सवाल यह उठता है कि आप काम करते वक्त खुश रहने और तनाव कम करने के लिए क्या कर सकते हैं? आइए इनके बारे में जानें-

1 सक्रिय रहें : व्यायाम और अन्य शारीरिक गतिविधियां आपकी समस्याओं या तनाव को गायब नहीं करतीं, लेकिन ये उनका भावनात्मक असर घटाएंगी और आपके दिमाग को समस्याओं को सुलझाने का मौका देंगी। साथ ही आपको शारीरिक रूप से चुस्त रखेंगी।

2 लोगों से जुड़ें : यदि आप खुशी के पैमानों पर विचार करेंगे, तो दूसरों के साथ बने रिश्तों को इस सूची में सबसे ऊपर पाएंगे। महामारी के दौरान कई लोगों ने पाया कि सामाजिक संपर्क कम होने के कारण उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। निश्चित तौर पर दोस्तों और परिवार का अच्छा नेटवर्क आपके काम की मुश्किलों को कम कर सकता है। साथ ही अपने सहकर्मियों से रिश्ते बढ़ाना भी काम आता है। कार्यस्थल पर आप जितना अधिक समय रिश्तों में लगाते हैं, काम में उतना ही अधिक आनंद भी महसूस करते हैं।

3 नए कौशल सीखना : 'संज्ञानात्मक रूप से सक्रिय' रहना आपके मनोवैज्ञानिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अहम है और यह आपको करियर में आगे बढ़ने के लिहाज से नए अवसर मुहैया करा सकता है। इसलिए कुछ नया सीखने की कोशिश करते रहिए। काम के अलावा अन्य चीजें करना भी आपके भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। यूरोप में ब्रिटेन में काम के घंटे सबसे अधिक हैं, जिसका मतलब है कि हम अक्सर उन चीजों के लिए वक्त नहीं निकाल पाते हैं, जिन्हें करके हमें खुशी मिलती है। जरूरत से अधिक घंटों तक काम न करें और यह सुनिश्चित करें कि आपको सामाजिक मेलजोल, व्यायाम करने के साथ ही अन्य मजेदार गतिविधियों के लिए समय मिल पाए।

4 वर्तमान में जीना सीखें: अतीत में झांकने के बजाय वर्तमान में जीना सीखें। आप वर्तमान का जितना ज्यादा आनंद उठाएंगे, उससे उतना ही ज्यादा जुड़ा हुआ महसूस करेंगे और उसे लेकर उतने ही अधिक खुश रहेंगे। आपको घंटों बैठकर ध्यान लगाने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी।

5 सकारात्मक चीजों को पहचानें : वर्तमान में रहने से आपको जीवन में सकारात्मक चीजों को पहचानने में भी मदद मिलती है, जिससे आप इस सोच के साथ आगे बढ़ते हैं कि एक गिलास आधा खाली नहीं, बल्कि आधा भरा हुआ है। इसे स्वीकार कीजिए कि काम के मामले में या निजी जीवन में कुछ चीजें ऐसी हैं, जिन्हें आप बदल नहीं सकते। उन चीजों पर ध्यान लगाइए, जिन पर आपका नियंत्रण है।

6 अस्वस्थ आदतों से दूर रहें : काम के तनाव से निपटने के लिए अत्यधिक शराब या कॉफी पीने या धूम्रपान करने से अंततः आपकी खुशी पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

7 होशियारी से काम करें: काम के दौरान प्राथमिकता के अनुसार काम करेंगे, तो आपके पास अन्य चीजों का आनंद उठाने के लिए अधिक वक्त होगा। आप अपने कामकाजी जीवन में जितना संतुलन बनाते हैं, उतना ही अपने काम से अधिक खुश रह सकेंगे। ब्रिटेन में सभी दीर्घकालीन बीमारियों में तनाव संबंधित बीमारियों का अनुपात 60 प्रतिशत है, जिसे देखते हुए यह जरूरी है कि आप अपने स्वास्थ्य को अधिक अहमियत दें।

जूनियर एनटीआर के साथ काम करेंगी जाह्नवी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय स्टार जूनियर एनटीआर के साथ काम करती नजर आयेंगी। जाह्नवी कपूर, फिल्म एनटीआर 30 से तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही है। इस फिल्म जूनियर एनटीआर की मुख्य भूमिका है। एनटीआर 30 की शूटिंग 23 मार्च से शुरू होगी। कहा जा रहा है कि यह फिल्म 2024 में रिलीज होगी। एनटीआर 30 एक एक्शन फिल्म है, जिसका निर्देशन कोराताला शिवा कर रहे हैं। जूनियर एनटीआर और कोराताला शिवा पहले भी साथ काम कर चुके हैं। दोनों ने फिल्म जनता गैदार में साथ काम किया था।

भंसाली फिर बनाएंगे 'इंशाअल्लाह'

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली फिल्म 'इंशाअल्लाह' पर फिर से काम शुरू कर सकते हैं। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'हीरा मंडी' को लेकर व्यस्त हैं। चर्चा है कि भंसाली अपनी बंद हो चुकी फिल्म 'इंशाल्लाह' की शूटिंग को दोबारा शुरू करने पर विचार कर रहे हैं। इस फिल्म के लिए उन्होंने सलमान खान को कास्ट किया था। बताया जा रहा है कि संजय लीला भंसाली फिर से फिल्म 'इंशाल्लाह' पर काम शुरू करने वाले हैं। इस बार वह दूसरी स्टारकास्ट के साथ फिल्म की शूटिंग को शुरू करेंगे। सलमान के अपोजिट आलिया भट्ट को फाइनल किया गया था लेकिन बात नहीं बन पाई। जिसके बाद यह फिल्म बंद डिब्बे में चली गई।

रकुल प्रीत ने शेयर की फिनलैंड ट्रिप की तस्वीर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने फिनलैंड ट्रिप की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। रकुल प्रीत सिंह इन दिनों फिनलैंड ट्रिप पर हैं। रकुल प्रीत सोशल मीडिया पर अपनी ट्रिप की फोटोज शेयर कर रही हैं। उन्होंने फिनलैंड में नॉरदन लाइट्स के साथ खूबसूरत फोटो शेयर की हैं। फिनलैंड की फोटो पोस्ट करते हुए रकुल ने लिखा, 'मैं खुशनसीब हूं की मैं इन मैजिकल लाइट्स को देख पाई। फिनलैंड की नॉरदन लाइट्स (ऑरोरा बोरिएलिस) आसमान में दिखने वाली सबसे खूबसूरत नेचुरल लाइट हैं। हाल ही में रकुल प्रीत सिंह 'छतरीवाली' में नजर आई थीं। जल्द ही रकुल प्रीत सिंह, कमल हसन के साथ 'इंडियन 2' में नजर आएंगी।

एसएस राजामौली के साथ काम करना चाहती हैं हेमा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा मालिनी दक्षिण भारतीय फिल्म निर्देशक एसएस राजामौली के साथ काम करना चाहती हैं। हेमा मालिनी से पूछा गया कि क्या वह एसएस राजामौली के साथ काम करना चाहेंगी? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, 'यदि एसएस राजामौलीजी मुझे एक अच्छी भूमिका प्रदान करते हैं, तो मैं निश्चित रूप से उनके साथ काम करना पसंद करूंगी।' हेमा मालिनी काफी समय से फिल्म इंडस्ट्री से दूर हैं। जब उनसे पूछा गया कि वह फिल्मों में फिर वापस कब आएंगी। इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, 'मैं कोई फिल्म या वेबसीरीज तभी करूंगी जब मुझे सही भूमिका मिलेगी। मैं एक अभिनेत्री हूं। मुझे अभिनय करना तभी अच्छा लगेगा, अगर कोई अच्छी भूमिका हो।

पुरस्कारों से अधिक मायने रखती है दर्शकों की प्रशंसा : प्रसनजीत

कोलकाता (भाषा)। बंगाली फिल्मों के सुपरस्टार प्रसनजीत चटर्जी का कहना है कि राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए अब तक उनके नाम पर विचार नहीं किए जाने का उन्हें कोई मलाल नहीं है। प्रसनजीत ने कहा कि उनका मानना है कि दर्शकों और निर्देशकों द्वारा की गई प्रशंसा और दिया गया प्यार सबसे बड़ा पुरस्कार है। बंगाली फिल्म जगत में गत चार दशक से सक्रिय प्रसनजीत ने कहा कि वह दिवंगत अभिनेता सौमित्र चटर्जी से प्रेरणा लेते हैं, जिन्हें वह 'अंकल' कहकर पुकारते थे। उन्होंने कोलकाता में दिए साक्षात्कार में कहा, 'मैं इन मुद्दों (राष्ट्रीय पुरस्कार) पर अब ध्यान नहीं देता। सौमित्र अंकल को चार दशक के उनके करियर में 'पोद्दोखेप' (वर्ष 2006 में प्रदर्शित) के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था... मैं उनकी तुलना में कुछ भी नहीं हूं। मैं उनके सामने कहीं नहीं ठहरता हूं।'

उल्लेखनीय है कि 61 वर्षीय प्रसनजीत ने अब तक 349 फिल्मों में काम किया है और उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड, बंगाली फिल्म पत्रकार पुरस्कार और देश में फिल्म समालोचकों के सबसे पुराने संगठन के पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा प्रसनजीत को वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म 'दूसर' के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विशेष उल्लेख पुरस्कार से नवाजा जा चुका है।

संक्षिप्त खबरें

भारत सबसे तेज वाहन बाजार

नई दिल्ली। जर्मनी की लग्जरी कार कंपनी मर्सिडीज-बेंज ने उम्मीद जताई है कि पिछले साल की तरह इस साल भी भारत वैश्विक स्तर पर उसका सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार होगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने इस साल दस नए माडल पेश करने की योजना बनाई थी, हालांकि आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं के कारण कुछ पेशकश में देरी हो रही है। कंपनी इन उत्पादों की प्रतीक्षा अवधि को आगे और बढ़ने से रोकना चाहती है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ संतोष अय्यर ने बताया, 'मैं अभी भी भारत को बाकी देशों के बीच चमकता हुआ देखता हूं।

डीएलएफ निवेश करेगी

नई दिल्ली। जमीन-जायदाद के विकास से जुड़ी कंपनी डीएलएफ गुरु ग्राम में एक नई आलीशान आवासीय परियोजना का निर्माण करने के लिए अगले चार साल में 3,500 करोड़ रुपए निवेश करेगी। डीएलएफ 'द आर्बर' नाम से नई आवासीय परियोजना विकसित करेगी। यह परियोजना लगभग 25 एकड़ में होगी और इसमें 1,137 अपार्टमेंट के साथ पांच बहुमंजिला इमारतें होंगी। बाजार मूल्य की नजर से देश की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ ने 15 से 17 फरवरी तक लगभग आठ हजार करोड़ रुपए में सभी 1,137 अपार्टमेंट बेच दिए हैं।

सांची रिसर्च पर प्रतिबंध

नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने बृहस्पतिवार को सांची रिसर्च पर अनधिकृत निवेश सलाहकार सेवाएं देने के लिए दो साल के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंध लगा दिया। यह प्रतिबंध सांची रिसर्च के संचालक रामगोपाल सेठ पर भी लगाया गया है। साथ ही उन्हें तीन महीने के भीतर निवेशकों को लगभग 43 लाख रुपए वापस करने होंगे। बाजार नियामक ने उन पर छह लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। सांची रिसर्च सेबी के पास पंजीकृत हुए बिना निवेशकों को निवेश सलाहकार सेवाएं दे रही थी।

लैंम्बॉर्गिनी की योजना

नई दिल्ली। इटली की सुपर कार कंपनी लैम्बॉर्गिनी की 2024 के अंत तक अपने भारतीय माडलों में हाइब्रिड प्रौद्योगिकी लगाने की योजना है। कंपनी के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि कंपनी का उद्देश्य आने वाले वर्षों में अपनी कारों से होने वाले कार्बन उत्सर्जन को कम करना है। कंपनी ने देश की सतत कराधान नीति पर भरोसा जताया है। इसके साथ ही कंपनी ने कहा कि वह कर में किसी भी तरह की कटौती का स्वागत करेगी।

यूको बैंक के नए एमडी

नई दिल्ली। वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने अश्विनी कुमार को यूको बैंक का एमडी नियुक्त करने की सिफारिश की है। कुमार इंडियन बैंक के ईडी हैं। एफएसआईबी बैंकों और वित्तीय संस्थानों के निदेशकों की खोज का काम करता है। इंडियन बैंक में आने से पहले कुमार पंजाब नेशनल बैंक के मुंबई क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक थे। ब्यूरो ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में प्रबंध निदेशक एवं सीईओ नियुक्ति के लिए उसने 11 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया था।(एजेंसियां)

अमेरिका के बैंक संकट का असर

एक हफ्ते में बैंकिंग क्षेत्र के म्युचुअल फंड 6% लुढ़के

■ इन फंडों ने इस वर्ष अब तक आठ से 10% निगेटिव रिटर्न दिया

■ बैंकिंग सेक्टर के प्रति काफी कमजोर हुई हैं निवेशकों की धारणा

■ अमेरिका के सिलिकॉन वैली बैंक व सिग्नेचर बैंक हुए हैं धराशायी

■ यूएसए में कुछ अन्य बैंकों पर भी मंडरा रहे संकट के बादल

नई दिल्ली (भाषा)।

अमेरिका में सिलिकॉन वैली बैंक और सिग्नेचर बैंक के धराशायी होने के बाद पिछले सप्ताह बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र के म्यूचुअल फंडों में छह फीसद तक की गिरावट हुई।

अमेरिका में बैंकिंग संकट से वैश्विक वित्तीय प्रणाली को झटके लगे और भारत में भी बैंकिंग क्षेत्र को लेकर निवेशकों की भावनाएं कमजोर हुईं। ऐसे में समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान बैंकिंग शेयरों में 3-13 प्रतिशत की गिरावट आई। विशेषज्ञों का हालांकि मानना है कि भारतीय बैंकिंग क्षेत्र पर इसका सीधा असर मामूली सा है। बैंक शेयरों में लगातार बिकवाली के चलते इस क्षेत्र के म्युचुअल फंडों में भी गिरावट हुई। एसीई एमएफ एनएक्सटी द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार बैंकिंग क्षेत्र के 16 म्यूचुअल फंडों में सभी ने 17 मार्च को समाप्त सप्ताह में निवेशकों को 1.6 प्रतिशत से छह प्रतिशत

के बीच नकारात्मक प्रतिफल दिया है।

आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल अब तक इन फंडों ने आठ फीसद से लेकर 10 फीसद तक का नकारात्मक प्रतिफल दिया है। जिन फंडों में पिछले सप्ताह पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है, उनमें आदित्य बिड़ला सन लाइफ बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज फंड, टाटा बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज फंड, एचडीएफसी बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज फंड, एलआईसी एमएफ बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज फंड और निप्पॉन इंडिया बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज फंड शामिल है।

एफवाईईआरएस के शोध प्रमुख गोपाल कवलीरेड्डी ने कहा कि बाजार में जारी उतार-चढ़ाव और ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंका के कारण इन फंडों में गिरावट हुई। उन्होंने कहा कि इसके अलावा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) कई बैंकों और वित्तीय क्षेत्र की संस्थाओं में अपनी निवेश होल्डिंग को कम करने के लिए बिकवाली कर रहे है।

एफएचआरएआई में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति

नई दिल्ली (एसएनबी)। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया एफएचआरएआई ने पिछले दिनों यहां अपनी 66वी वार्षिक आम बैठक आयोजित की। एजीएम के दौरान एफएचआरएआई के सदस्यों ने नई कार्यकारी समिति का चुनाव किया। शीर्ष उद्योग निकाय के मामलों का प्रबंधन करने के लिए देश के पूर्व, उत्तर, दक्षिण और पश्चिम हर एक क्षेत्र से छह प्रतिनिधियों वाली एक चौबीस सदस्यीय टीम गठित की गई। एजीएम के बाद फेडरेशन की नई कार्यकारी समिति की पहली बैठक हुई जिसने सुदेश पोद्दार को एफएचआरएआई के नए अध्यक्ष के रूप में चुना।

पोद्दार इसके पहले बतौर कोषाध्यक्ष कार्य कर चुके है। उनकी गिनती होटल उद्योग के दिग्गजों में होती है। वे 1977 से आतिथ्य व्यवसाय में है। वे कोलकाता में कई रेस्तरां के मालिक है। कार्यकारी समिति ने एफएचआरएआई के नए 'पदाधिकारियों' का भी चुनाव किया जो कार्यकारी समिति की ओर से फेडरेशन में नियमित मामलों की निगरानी करते है।

सुरेंद्र कुमार जायसवाल, के. नागराजू और प्रदीप शेट्टी को होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ़ नॉर्दन इंडिया द साउथ इंडिया होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन और होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ़ वेस्टर्न इंडिया से उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। डीवीएस सोमाराजू को मानद कोषाध्यक्ष और टी.एस. वालिया को मानद सचिव चुना गया है। गुरबख्शीश सिंह कोहली और अमरवीर सिंह संयुक्त मानद सचिव के रूप में काम करेंगे।

कर न देने वालों के आयकर आंकड़े जांचेगा जीएसटी विभाग

■ कारपोरेट मिनिस्ट्री का रिकार्ड भी खंगालने की तैयारी

नई दिल्ली (भाषा)।

जीएसटी विभाग जल्द ही कंपनियों और पेशेवरों के आयकर रिटर्न और कारपोरेट मामलों के मंत्रालय के पास जमा दस्तावेजों के आंकड़ों का विश्लेषण शुरू करेगा। इस कवायद का मकसद कर आधार को बढ़ाना और यह पता लगाना है कि संस्थाएं अपनी जीएसटी देनदारी को पूरी तरह चुका रही है या नहीं।

इस समय माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत 1.38 करोड़ पंजीकृत व्यवसाय और पेशेवर हैं। जीएसटी को एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था। विनिर्माण में 40 लाख रुपए और सेवा क्षेत्र में 20 लाख रुपए से अधिक के वार्षिक कारोबार वाली कंपनियों के लिए खुद को जीएसटी के तहत पंजीकृत करना और कर रिटर्न दाखिल करना जरूरी है। एक अधिकारी ने कहा, 'हम आयकर विभाग के पास उपलब्ध सूचना के आधार पर आंकड़ों का विश्लेषण करेंगे।

आंकड़ा विश्लेषण के दौरान उन संस्थाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिन्हें छूट नहीं मिली है और जिन्हें जीएसटी के तहत पंजीकरण करने और मासिक या तिमाही रिटर्न दाखिल करने की जरूरत है। जीएसटी कानून का पालन नहीं करने वाली संस्थाओं की पहचान करने के बाद, जीएसटी विभाग उनके व्यवसाय के पंजीकृत स्थान पर उनसे अनुपालन नहीं करने की वजह पूछेगा।

अधिकारी ने आगे कहा कि आंकड़ा विश्लेषण शाखा कारपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) के साथ मिलकर कंपनियों के जमा तिमाही और वार्षिक आंकड़ों के जरिए यह पता लगाएगा कि क्या कोई जीएसटी चोरी हो रही है।

हिंडनबर्ग की रिपोर्ट का असर

अडाणी के ₹34900 करोड़ के प्रोजेक्ट का काम रुका

नई दिल्ली (भाषा)।

अडाणी समूह ने गुजरात के मुंद्रा में 34,900 करोड़ रुपए की पेट्रोरसायन परियोजना का काम रोक दिया है। समूह अमेरिकी निवेश कंपनी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से हुए नुकसान के बाद अपने परिचालन को मजबूत करने और निवेशकों की चिंताओं को दूर करने के लिए संसाधनों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

■ मुंद्रा में लग रहा है पेट्रोरसायन का यह अहम प्रोजेक्ट

■ हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद हुए नुकसान से उबरने तक बंद रह सकता है काम

■ फिलहाल कंपनी का ध्यान नुकसान से उबरने पर

समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने 2021 में एक नया कोयले से पीवीसी बनाने का संयंत्र स्थापित करने के लिए पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी मुंद्रा पेट्रोकेम लिमिटेड का गठन किया था। यह संयंत्र गुजरात के कच्छ जिले में अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) की जमीन पर लगाया जाना था। हिंडनबर्ग रिसर्च की 24 जनवरी की रिपोर्ट के बाद अडाणी समूह के मूल्यांकन में लगभग 140 अरब अमेरिकी डालर की कमी हुई है। ऐसे में समूह फिलहाल कुछ कर्ज चुकाने, संचालन को मजबूत करने और निवेशकों की चिंताओं को दूर करने पर ध्यान दे रहा है। समूह ने हिंडनबर्ग के सभी आरोपों का खंडन किया है।

इस मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने बताया कि जिन परियोजनाओं पर समूह ने कुछ समय के लिए आगे नहीं बढ़ने का फैसला किया है, उसमें 10 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता वाली ग्रीन पीवीसी परियोजना भी शामिल है। समूह ने विक्रेताओं और आपूर्तिकर्ताओं को ईमेल भेजकर तत्काल 'सभी गतिविधियों को रोकने' को कहा है। इसमें समूह ने विक्रेताओं और आपूर्तिकर्ताओं से मुंद्रा पेट्रोकेम लिमिटेड की ग्रीन पीवीसी परियोजना के लिए 'अगले नोटिस तक' सभी गतिविधियों और सभी दायित्वों को निलंबित करने के लिए कहा है। समूह ने कहा, 'विभिन्न व्यावसायिक कार्यक्षेत्रों में समूह स्तर पर लागू की जा रही विभिन्न परियोजनाओं का पुनर्मूल्यांकन किया जा रहा है। भविष्य के नकदी प्रवाह और वित्त के आधार पर, कुछ परियोजनाओं की निरंतरता और समयरेखा में संशोधन के लिए पुनर्मूल्यांकन किया जा रहा है।'

इस संबंध में टिप्पणी के लिए संपर्क करने पर समूह के एक प्रवक्ता ने कहा कि एईएल आने वाले महीनों में प्राथमिक उद्योग में विकास परियोजनाओं की स्थिति का मूल्यांकन करेगी। उन्होंने कहा, 'हमारी स्वतंत्र पोर्टफोलियो कंपनियों में से प्रत्येक के बही-खाते बहुत मजबूत है। हमारे पास अग्रणी परियोजना विकास और निष्पादन क्षमताएं, मजबूत कंपनी प्रशासन, सुरक्षित संपत्तियां, मजबूत नकदी प्रवाह हैं, और हमारी व्यावसायिक योजना पूरी तरह से वित्त पोषित है।' प्रवक्ता ने कहा कि हम अपने हितधारकों के लिए बेहतर मूल्य तैयार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

पीएलआई के तहत विशेष इस्पात उत्पादन से विदेशी पूंजी की होगी बचत

नई दिल्ली (भाषा)।

केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा है कि पीएलआई योजना के अंतर्गत विशेष इस्पात के घरेलू उत्पादन से मूल्य संवर्धित उत्पादों के आयात को कम करने और विदेशी पूंजी की बचत में मदद मिलेगी।

सरकार के साथ लगभग 27 कंपनियों ने विशेष इस्पात के लिए पीएलआई के पहले संस्करण (पीएलआई 1.0) के तहत 57 समझौतों पर हस्ताक्षर किए है। कुलस्ते ने बताया, 'विशेष प्रकार के इस्पात के उत्पादन को बढ़ावा देने और 'आत्मनिर्भर भारत' के विचार को अपनाने के लिए हमारी सरकार ने पीएलआई योजना पेश की, जिससे हमारे देश में इस्पात उत्पादन बढ़ सके।'

शीर्ष दस कंपनियों का एमकैप घटा

■ रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस जैसी कंपनियों को सर्वाधिक नुकसान

नई दिल्ली (भाषा)। शेयर बाजार में कमजोर रुख के बीच देश की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों का संयुक्त रूप से बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह 2.09 लाख करोड़ रुपए घट गया। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। साप्ताहिक आधार पर बीएसई के 30 शेयरों वाले सूचकांक सेंसेक्स में 1,145.23 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की गिरावट रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 67,722.33 करोड़ रुपए घटकर 15,04,001.93 करोड़ रह गया।

वहीं टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 55,654.17 करोड़ रुपए घटकर 11,63,194.14 करोड़ रुपए रह गया। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 21,250.8 करोड़ रुपए घटकर 5,97,905.17 करोड़ रुपए रह गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 16,108.93 करोड़ रुपए घटकर 4,72,290.46 करोड़ रु पए जबकि आईटीसी का मूल्यांकन 15,226.12 करोड़ रुपए घटकर 4,66,696.21 करोड़ रुपए रह गया। प्रमुख दूरसंचार कंपनी एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 9,053.44 करोड़ रु पए घटकर 4,22,177.07 करोड़ रु पए जबकि एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 8,982.11 करोड़ रुपए घटकर 8,77,318.09 करोड़ रुपए रह गया।

एचडीएफसी का मूल्यांकन भी 8,063.79 करोड़ रुपए घटकर 4,69,460.45 करोड़ रु पए रहा। आईसीआईसीआई बैंक का पूंजीकरण 4,396.91 करोड़ रु पए घटकर 5,83,983.07 करोड़ रु पए जबकि हिंदुस्तान यूनीलिवर लिमिटेड (एचयूएल) का मूल्यांकन 3,465.65 करोड़ रु पए घटकर 5,75,273.92 करोड़ रुपए पर आ गया। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी के रूप में रिलायंस का स्थान बरकरार रहा। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, एचयूएल, एसबीआई, एचडीएफसी, आईटीसी और भारती एयरटेल रही।

एक अप्रैल से नए उत्सर्जन मानदंडों वाले वाहन बेचेंगी कंपनियां

■ टाटा ने तैयार किए नए मानकों के अनुरूप वाहन ■ मारुति और महिंद्रा भी इसके लिए पूरी तरह तैयार

नई दिल्ली (भाषा)।

वाहन कंपनियों ने अपने यात्री वाहनों को सख्त उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप बनाना शुरू कर दिया है। टाटा मोटर्स ने यह काम शुरू भी कर दिया है जबकि मारुति और महिंद्रा जैसी कंपनियों ने भरोसा जताया है कि वे एक अप्रैल की समय सीमा से पहले अपने संबंधित उत्पादों में बदलाव कर लेंगे।

भारतीय आटोमोबाइल उद्योग इस समय अपने उत्पादों को यूरो-6 उत्सर्जन मानदंडों के बराबर भारत स्टेज-6 के दूसरे चरण को पूरा करने के लिए काम कर रहा है। इसके तहत चौपहिया यात्री और वाणिज्यिक वाहनों को उत्सर्जन मानकों के अगले स्तर के अनुरूप बनाना होगा।

बीएस-6 उत्सर्जन मानदंड का दूसरा चरण एक अप्रैल से लागू होने वाला है। इन मानकों के लागू होने से कार की कीमतें भी बढ़ने का अनुमान है, क्योंकि आटोमोबाइल कंपनियां पावरट्रेन में अतिरिक्त उपकरण जोड़ने के लिए निवेश कर रही है। टाटा मोटर्स यात्री वाहन के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने बताया, 'हमारे वाहन तय समयसीमा से

पहले ही फरवरी 2023 में बीएस-6 चरण दो उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप बन चुके है। हमने बेहतर प्रदर्शन के साथ उत्पादों को उन्नत बनाया है, नयी प्रौद्योगिकी विशेषताओं को जोड़ा है और वाहनों की वारंटी बढ़ाई है।'

उन्होंने कहा कि जहां तक कीमत का संबंध है, इस नियामक परिवर्तन से लागत में हुई बढ़ोतरी को फरवरी में घोषित मूल्य वृद्धि में आंशिक रूप से समाहित किया गया है। चंद्रा ने कहा, 'बाकी हिस्सा अगली मूल्य वृद्धि में जोड़ा जा सकता है। इस बारे में किसी समयसीमा की पुष्टि नहीं कर सकते।'

महिंद्रा एंड महिंद्रा के आटोमोटिव प्रभाग के अध्यक्ष विजय नाकरा ने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित समयसीमा के अनुसार कंपनी के सभी माडल बीएस-6 चरण दो मानदंडों का पालन करेंगे। उन्होंने कहा, 'बीएस-4 से बीएस-6 में परिवर्तन की लागत के मुकाबले इस बार लागत काफी कम है और इसे चरणबद्ध तरीके से उपभोक्ताओं पर डाला जाएगा।' मारुति के कारपोरेट मामलों के कार्यकारी निदेशक राहुल भारती ने कहा कि कंपनी एक स्वच्छ वातावरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

कारपोरेटनामा

लायड स्कूल ने सम्मेलन आयोजित किया

नई दिल्ली (वि.)। लायड बिजनेस स्कूल ने अपने प्रबंधन के छात्रों के लिए 18 मार्च को संस्थान के ग्रेटर नोएडा के परिसर में अपने प्रबंधन छात्रों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। बिजनेस स्कूल द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य उद्योगों के पेशेवरों और छात्रों को कारोबारी दुनिया के बदलते परिदृश्य और सुधार एवं सुनियोजित विकास पर चर्चा के लिए एक मंच प्रदान करना था। सम्मेलन का विषय 'कारोबारी परिदृश्य में बदलाव के लिए तकनीक आधारित रणनीति' था। सम्मेलन के दौरान प्रबंधन व्यवसाय में प्रौद्योगिकी की बदलती भूमिका पर चर्चा करने के लिए विनिर्माण, खुदरा, विपणन, वित्त और अन्य क्षेत्र एक साथ आए। उद्घाटन भाषण डा. वंदना अरोड़ा सेठी, समूह निदेशक, लॉयड ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा द्वरीर दिवर गया। उन्होंने 'बिजनेस 5.0' पर विकासवादी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर उद्योगों के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी को सौर परियोजना मिली

नई दिल्ली (भाषा)। सरकारी कंपनी एसजेवीएन ने शनिवार को कहा कि उसकी हरित ऊर्जा की अनुषंगी कंपनी को महाराष्ट्र में 200 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना मिली है। इस परियोजना की लागत 1,000 करोड़ रुपए है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया, 'कंपनी के पूर्ण स्वामित्व वाली एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एसजीईएल) को महाराष्ट्र राज्य बिजली वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) से स्वीकृति पत्र मिला है।' यह परियोजना 18 महीने के अंदर पूरी होगी। यह समय एमएसईडीसीएल के साथ ऊर्जा खरीद समझौता (पीपीए) होने की तारीख से शुरू होगा। कंपनी ने बताया कि इस परियोजना की लागत लगभग 1,000 करोड़ रुपए होगी। इस परियोजना से पहले साल 45.55 करोड़ यूनिट बिजली उत्पादन होगा और 25 साल की अवधि में कुल बिजली उत्पादन 1,048 करोड़ करोड़ यूनिट होगा। इस परियोजना के शुरू होने से 5,13,560 टन कार्बन उत्सर्जन के कम होने की उम्मीद है।

एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी में निवेश को मंजूरी

नई दिल्ली (भाषा)। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी को उसकी अनुषंगी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) में अपने नेटवर्थ का 30 से ज्यादा प्रतिशत निवेश करने की मंजूरी दे दी है। एनटीपीसी की वित्त वर्ष 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, उसका कुल नेटवर्थ 1.28 लाख करोड़ रुपये है। यह 2032 तक एनटीपीसी के 60 जीडब्ल्यू नवीकरणीय ऊर्जा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को देखते हुए महत्वपूर्ण है।

हथकरघा प्रदर्शनी सिल्क फैब का आयोजन

नई दिल्ली (वि.)। वाराणसी के दीनदयाल हस्तकाला संकुल (टीएफसी) में 14 मार्च को सिल्क फैब का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का आयोजन पिछले दो दशक से भी ज्यादा समय से भारत सरकार के हैंडलूम एवं टेक्सटाइल मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल हैंडलूम डेवलपमेंट कारपोरेशन के आधीन हथकरघा विकास आयुक्त कार्यालय द्वारा किया जा रहा है। इसका उद्देश्य हथकरघा कारीगरों को अपने उत्पाद देश के विभिन्न शहरों तक उपलब्ध कराने के लिए पहुंच बनाना है। इस प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यों की लगभग 60 सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं ने हिस्सा लिया व अपने उत्पाद प्रदर्शित किए। हथकरघा क्षेत्र हमारे देश की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। भारत का हथकरघा क्षेत्र प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से 35 लाख लोगों को रोजगार देता है जो देश में कृषि क्षेत्र के बाद दूसरे स्थान पर है। हथकरघा बुनाई की कला में संबंधित क्षेत्र के पारंपरिक मूल्य जुड़े हुए है और प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट किस्में हैं, जिसमें चंदेरी, मधुबनी, बनारसी, जामदानी, बालूचरी, कोसा सिल्क जैसे रेशम उत्पादों की विशिष्टता एवं बुनाई, डिजाइन और पारंपरिक रूपांकनों के साथ दुनिया भर के ग्राहकों को आकर्षित करती है। भारत सरकार ने हथकरघा उत्पादों के लिए 'हैंडलूम मार्क' योजना, रेशम उत्पादों के लिए 'सिल्क मार्क' और शून्य दोष व उच्च गुणवत्ता वाले हथकरघा उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए 'इंडिया हैंडलूम ब्रांड' योजनाएं शुरू की हैं जो पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए उत्पादों की विशिष्टता को प्रचारित करने के अलावा उत्पादों को एक अलग पहचान देती हैं। ये योजनाएं खरीदार के लिए एक गारंटी भी देती हैं कि खरीदा जा रहा उत्पाद वास्तवा में हाथ से ही बुना हुआ है। बुनकर समुदाय की आय बढ़ाने के लिए सिल्क फैब के सभी प्रदर्शकों को उत्पादों पर हैंडलूम मार्क, सिल्क मार्क और इंडिया हैंडलूम ब्रांड टैग प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रदर्शनी 27 मार्च तक चलेगी और प्रातः 11 बजे से शाम आठ बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी।

रिलायंस ने शुरू की नए नियमों के तहत गैस नीलामी

नई दिल्ली (भाषा)। रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. और उसकी भागीदार बीपी पीएलसी ने अपने पूर्वी अपतटीय क्षेत्र केजी-डी6 ब्लाक से प्राकृतिक गैस की बिक्री के लिए नीलामी फिर से शुरू की है। दोनों कंपनियों ने सरकार के सीएनजी और पाइप के जरिए रसोई गैस की आपूर्ति करने वाली गैस वितरण कंपनियों को आपूर्ति के स्तर पर प्राथमिकता देने को लेकर नए विपणन नियम शामिल करने के बाद यह कदम उठाया है।

निविदा नोटिस के अनुसार रिलायंस और उसकी भागीदार बीपी एक्सप्लोरेशन (अल्फा) लि. (बीपीईएपएल) तीन अप्रैल को प्रस्तावित नीलामी योजना के तहत 60 लाख घन मीटर प्रतिदिन गैस की बिक्री करेगी। इसकी कीमत वैश्विक एलएनजी मार्कर, जेकेएम (जापान कोरिया मार्कर) से संबद्ध है। लेकिन यह सरकार की तरफ से अधिसूचित उच्चतम मूल्य के अधीन होगा। दोनों भागीदार कंपनियों की शुरू में जनवरी में नीलामी की योजना थी। लेकिन उसके कुछ दिन पहले ही पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गहरे सागर क्षेत्र तथा उच्च दबाव-उच्च तापमान वाले क्षेत्रों से उत्पादित गैस की बिक्री और पुनःबिक्री के लिए 13 जनवरी को नए नियम प्रकाशित किए। इसके कारण, नीलामी रोक दी गई और अब नए नियमों को शामिल करते हुए इसे फिर से शुरू किए जाने की घोषणा की गई है। सरकार के नए नियमों के अनुसार बोली लगाने वालों को पहले ही बताना होगा कि वे नीलामी के माध्यम से जो गैस खरीद कर रहे है, उसका उपयोग अंतिम उपभोक्ता के रूप में स्वयं (अपने समूह की इकाइयों समेत) करेंगे या फिर कारोबार के लिए करेंगे।

एफए कप
बर्नले को 6-0 से रौंदा

एजेंसी ▶▶ लंदन

एर्लिंग हालैंड ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हैट्रिक जमाई जिससे मैनचेस्टर सिटी ने बर्नले को 6-0 से हराकर एफए कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हालैंड इस तरह से पिछले दो मैचों में आठ गोल कर चुके हैं। उन्होंने लिपजिग के खिलाफ मंगलवार को चैंपियंस लीग के मैच में मैनचेस्टर सिटी की 7-0 से जीत में पांच गोल किए थे।मैनचेस्टर सिटी की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार छठी जीत है और इस बीच उसने कुल 23 गोल दागे हैं। इस बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग में टोटेनहैम ने अंतिम स्थान पर काबिज साउथम्पटन के खिलाफ 3-1 से बढ़त हासिल करने के बावजूद आखिर में 3-3 से ड्रॉ खेला। एक अन्य मैच में लीड्स ने वॉल्वरहैम्पटन को 4-2 से हराया।

हालैंड की हैट्रिक से सिटी ने अंतिम-4 में बनाई जगह

- हालैंड के पिछले दो मैचों में आठ गोल
- मैनचेस्टर सिटी लगातार छठी जीत
- क्लब ने 6 मैचों में दागे कुल 23 गोल

बोपन्ना ने जीता एटीपी मास्टर्स 1000 का खिताब

इंडियन वेल्स। भारत के रोहन बोपन्ना यहां बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैट एबडेन के साथ पुरुष युगल का खिताब जीतकर एटीपी मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। बोपन्ना अभी 43 वर्ष के हैं। उन्होंने और 35 वर्षीय एबडेन ने शनिवार रात को फाइनल में वेस्ले कूलहोफ और ब्रिटेन के नील स्कूपस्की की नीदरलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को 6-3, 2-6, 10-8 से हराया।

अपने 10वें एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में खेल रहे बोपन्ना ने कहा, 'वास्तव में विशेष। इसलिए इसे टेनिस का स्वर्ग कहा जाता है। मैं बरसों से यहां आ रहा हूं और लोगों को यहां खिताब जीतते हुए देख रहा हूं। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं कि मैं और मैट यहां खिताब जीतने में सफल रहे। हमने कड़े और करीबी मैच खेले। आज हमारा सामना यहां मौजूद सर्वश्रेष्ठ टीम से था। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं कि हम ट्रॉफी जीतने में सफल रहे।'

नेस्टर को पीछे छोड़ा

बोपन्ना ने इस तरह कनाडा के डेनियल नेस्टर को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 2015 में सिनसिनाटी मास्टर्स में 42 साल की उम्र में खिताब जीता था। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'मैंने डैनी नेस्टर से बात की और मैंने उनसे कहा कि मुझे खेद है कि मैं उनका रिकॉर्ड तोड़ने जा रहा हूं। यह खिताब हमेशा मेरे साथ रहेगा और मैं वास्तव में इससे बहुत खुश हूं।'

बोपन्ना का 24वां टूर खिताब

बोपन्ना का का यह कुल पांचवा और 2017 में मोंटेकार्लो ओपन के बाद पहला मास्टर्स 1000 युगल खिताब है। भारत और ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी का यह इस साल तीसरा फाइनल था। बोपन्ना अब तक टूर स्तर पर कुल 24 खिताब जीत चुके हैं।

भारत का आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा न्यूनतम स्कोर

दस विकेट से हारी टीम इंडिया वनडे सीरीज अब 1-1 से बराबर

एजेंसी ▶▶ विशाखापट्टनम

आस्ट्रेलिया ने रविवार को दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में भारत को 117 रन पर आउट करने के बाद 11 ओवर में ही लक्ष्य हासिल करके दस विकेट से धमाकेदार जीत दर्ज की। पिछले मैच में तीन विकेट लेने वाले मिशेल स्टार्क ने 53 रन देकर पांच विकेट लिए। यह भारत का आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा न्यूनतम स्कोर है। पिछले मैच में भी अर्धशतक जमाने वाले मिशेल मार्श ने 66 रन बनाए जबकि ट्रेविस हेड 51 रन बनाकर नाबाद रहे। आस्ट्रेलिया ने 11 ओवर में बिना किसी नुकसान के 121 रन बनाए।

पहला मैच भारत ने जीता था और अब तीसरा तथा निर्णायक मैच 22 मार्च को चेन्नई में खेला जाएगा।भारत के सभी गेंदबाज महंगे साबित हुए और कोई विकेट नहीं ले सके। मोहम्मद शमी ने तीन ओवर में 29 रन दिए जबकि मोहम्मद सिराज ने इतने ही ओवर में 37 रन दे डाले। अक्षर पटेल ने तीन ओवर में 25 रन दिए। इससे पहले आस्ट्रेलिया के लिए सीन एबोट ने 23 रन देकर तीन और नाथन एलिस ने 13 रन देकर दो विकेट लिए।

सबसे कम वनडे स्कोर

देश	रन	स्थान	वर्ष
भारत	63	सिडनी	1981
भारत	100	सिडनी	2000
ऑस्ट्रेलिया	101	पर्थ	1991
भारत	117	विशाखापट्टनम	2023

भारत/ऑस्ट्रेलिया सीरीज

पहला मैच- भारत 5 विकेट से जीता
दूसरा मैच- ऑस्ट्रेलिया 10 विकेट से जीता
तीसरा मैच- 22 मार्च, चेन्नई

स्कोर बोर्ड

भारत :	रन	गेंद	4	6
रोहित का स्टंप बो स्टार्क	13	15	2	0
शिल एच लाबुशेन बो स्टार्क	00	02	0	0
कोहली एलाबाथ बो एलिस	31	35	4	0
सूर्यकुमार एलाबाथ बो स्टार्क	00	01	0	0
राहुल एलाबाथ बो स्टार्क	09	12	1	0
पड्या का स्टंप बो एबोट	01	03	0	0
जड़ेजा का कैरी बो एलिस	16	39	1	0
अक्षर पटेल नाबाद	29	29	1	2
कुलदीप का हेड बो एबोट	04	17	0	0
शमी का कैरी बो एबोट	00	01	0	0
मोहम्मद सिराज बो स्टार्क	00	03	0	0
अतिरिक्त : 14, कुल : 26 ओवर में 117/10				
गेंदबाजी : स्टार्क 8-1-53-5, सीन एबोट 6-0-23-3, एलिस 5-0-13-2, जंपा 2-0-6-0.				
आस्ट्रेलिया	रन	गेंद	4	6
ट्रेविस हेड नाबाद	51	30	10	0
मिचेल मार्श नाबाद	66	36	6	6
अतिरिक्त : 04, कुल : 11 ओवर में 121 रन				
गेंदबाजी : शमी 3-1-29-0, सिराज 3-0-37-0, अक्षर 3-0-25-0, पड्या 1-0-18-0, कुलदीप 1-0-12-0.				

रोनाल्डो ने 35 यार्ड से दागा तूफानी गोल, जीता अल नस्र

रियाद। फुटबॉल की दुनिया में मौजूदा समय के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को लेकर पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो और अर्जेंटीना के लियोनल मेसी के बीच टक्कर देखने को मिलती रहती है। हालांकि, मेसी ने पिछले साल फीफा विश्व कप जीतकर कुछ हद तक सर्वश्रेष्ठ के टैग पर अपना वर्चस्व दिखाया था। हालांकि, अब शनिवार रात को रोनाल्डो ने एक बेहतरीन गोल दाग इस बहस को फिर से छेड़ दिया है। रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग मैच में अल

नस्र के लिए खेलते हुए फ्री-किक पर एक बेहतरीन गोल दागा। इसके बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। दरअसल, शनिवार को सऊदी प्रो लगी में अल नस्र ने आभा क्लब को 2-1 से हरा दिया। 78वें मिनट में अल नस्र को 35 यार्ड से फ्री-किक मिला। इसे लेने के लिए रोनाल्डो पहुंचे और उन्होंने विपक्षी टीम के सभी खिलाड़ियों को छकाते हुए बेहतरीन गोल दागा। सोशल मीडिया पर इस गोल का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। फैंस का कहना है कि रोनाल्डो में 38 साल के होने के बाद भी कुछ युवा खिलाड़ियों से ज्यादा जज्बा है।

खबर संक्षेप

दूसरी बार पीएसएल चैंपियन बना लाहौर

लाहौर। मौजूदा चैंपियन लाहौर कलंदर्स ने शनिवार रात को यहां खेले गए फाइनल की आखिरी गेंद पर मुल्तान सुल्तांस को एक रन से हराकर पाकिस्तान सुपर लीग का खिताब जीता। लाहौर इस तरह से पीएसएल में पहली ऐसी टीम बन गई है जो अपना खिताब बरकरार रखने में सफल रही। लाहौर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अब्दुल्ला शफीक (65) और अफरीदी की पारियों से छह विकेट पर 200 रन बनाए थे। इसके जवाब में मुल्तान आठ विकेट पर 199 रन तक ही पहुंच पाया।

श्रीलंका फॉलोऑन खेलने के बाद भी 303 रन पीछे

वेलिंगटन। श्रीलंका ने फॉलोऑन खेलने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन रविवार को यहां अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 113 रन बनाए और उसे पारी की हार से बचने के लिए अब भी 303 रन की जरूरत है। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी चार विकेट पर 580 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी जिसके जवाब में श्रीलंका की टीम 164 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड ने इस तरह से पहली पारी में 416 रन की बड़ी बढ़त हासिल की।

एमएलसी के पहले सत्र का ड्राफ्ट ह्यूस्टन में

ह्यूस्टन। जुलाई में होने वाली पहली मेजर क्रिकेट लीग के उद्घाटन सत्र का ड्राफ्ट सोमवार को यहां नासा जॉनसन अंतरिक्ष केंद्र पर निकाला जाएगा। एमएलसी में इंडियन प्रीमियर लीग के कई टीम मालिकों ने भी निवेश किया है जिनमें कोलकाता नाइट राइडर्स (लॉस एंजिलिस), चेन्नई सुपर किंग्स (टैक्सास) और दिल्ली कैपिटल्स (सिएटल) शामिल हैं।

मोहन बागान बना आईएसएल चैंपियन

एजेंसी ▶▶ पणजी

एटीके मोहन बागान ने इंडियन सुपर लीग का खिताब अपने नाम कर लिया है। उन्होंने फाइनल में सुनील छेत्री की टीम बेंगलुरु एफसी को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हरा दिया। मोहन बागान ने पहली बार आईएसएल का खिताब जीता है।

- सुनील छेत्री की बेंगलुरु टीम को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराया

गोवा में शनिवार रात को खेले गए मैच में फुल टाइम तक स्कोर 2-2 की बराबरी पर रहा था। इसके बाद रोमांचक पेनल्टी शूट में मोहन बागान ने दबाव पर काबू पाते हुए जीत हासिल की।



पेनल्टी शूटआउट का रोमांच

फुल टाइम के बाद 30 मिनट के एक्सट्रा टाइम में भी दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं और मैच पेनल्टी शूटआउट में पहुंचा। मोहन बागान की ओर से पेत्राटॉस, लिस्टन कोलाको, कियान नासिरी और मानवीर सिंह ने गोल दागे। वहीं, बेंगलुरु की ओर से एलन कोस्टा, रॉय कृष्णा और सुनील छेत्री ही गोल दाग पाए। ब्रूनो रामीरेज और पाब्लो पेरेज के स्ट्रोक को मोहन बागान के गोलकीपर ने रोक लिया।

राष्ट्रीय शिविर में शामिल हुए कोटल और महेश

कोलकाता। भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने चोट से उबर रहे शिवाशक्ति नारायणन और ग्लेन मार्टिन्स की जगह रविवार को प्रीतम कोटल और नाओरेम महेश सिंह को यहां राष्ट्रीय शिविर में शामिल किया। भारत ने इम्फाल में होने वाले तीन देशों के आगामी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी के लिये गुरुवार को अपना शिविर शुरु किया। इस टूर्नामेंट में टीम का सामना म्यामां (22 मार्च) और किर्गिस्तान गणराज्य (28 मार्च) को खुमान लम्पाक स्टेडियम में होगा। स्टिमक ने कहा, 'हमने अभी उन खिलाड़ियों के साथ तीन दिन ट्रेनिंग कर ली है जो हीरो आईएसएल फाइनल में नहीं थे। बाकी के खिलाड़ी आज (रविवार) को शिविर से जुड़ जायेंगे, इसलिये हम इम्फाल रवाना होने से पहले इन सभी के साथ एक ट्रेनिंग सत्र और करेंगे।'

विश्व चैंपियनशिप : निकहत ने दर्ज की लगातार दूसरी जीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की स्टार मुक्केबाज निकहत जरीन ने रविवार को यहां अल्जीरिया की बोआलम रोमायसा को हराकर महिला विश्व चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 50 किग्रा स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा कर रही निकहत ने मौजूदा अफ्रीकी चैंपियन को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज की।

मनीषा मौन (57 किलो) ने भी आस्ट्रेलिया की राहिमी टीना को 5-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। पिछले चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाली निकहत ने पहला अंक जुटाया। अल्जीरियाई मुक्केबाज को इसके बाद अंक मिला जिसके बाद दोनों मुक्केबाजों ने एक दूसरे को पछाड़ने का प्रयास किया। निकहत ने जहां 'कॉम्बिनेशन' मुक्के जड़कर अंक जुटाए, वहीं रोमायसा ने भारतीय मुक्केबाज के 'ओपन गार्ड' से फायदा उठाकर कई मुक्के जड़े। पहला राउंड निकहत के पक्ष में रहा और दूसरे में भी उन्होंने रोमायसा को कोई मौका नहीं दिया जो आक्रामक होने की कोशिश कर रही थीं। फिर दोनों आक्रामक होने के बाद एक दूसरे को जकड़े रहीं लेकिन अंत में केडी जाधव स्टेडियम में विजेता बनी निकहत।

दबदबा बनाने की थी रणनीति

निकहत ने मुकाबले के बाद कहा, 'मेरी रणनीति दबदबा बनाने की थी क्योंकि रोमायसा शीर्ष वरीय मुक्केबाज थीं। वरीयता का फायदा होता है। मुझे भी वरीयता मिली। अगर मैं शीर्ष वरीय को हराती हूं तो इससे 'जजों' पर प्रभाव पड़ता है। मैंने उसके मुकाबले देखे हैं। अगर आप उसके करीब से खेलो तो वह काफी हावी हो जाती है। इसलिए मेरा लक्ष्य दूर से ही मुक्के जड़ने का था, हालांकि 'क्लिंचिंग' हुई।'

वाराणसी में जल्द तैयार हो जाएगा क्रिकेट स्टेडियम

लखनऊ। कानपुर, लखनऊ के बाद अब उत्तर प्रदेश को तीसरा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम वाराणसी में मिलने जा रहा है। इसके लिए जमीन की व्यवस्था हो गई है, उम्मीद है कि इसी साल मई जून माह के अंत तक स्टेडियम का काम शुरू हो जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने राजातालाब तहसील के गंजारी गांव में में 31 एकड़ जमीन खरीद ली है और उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ और भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम बनाने के लिए यह जमीन इस माह के अंत तक सौंप दी जाएगी।

होप के कप्तानी शतक से जीता वेस्टइंडीज

एजेंसी ▶▶ ईस्ट लंदन

शाई होप ने वनडे कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में शतक जमाया जिससे वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शनिवार रात को यहां 48 रन से जीत दर्ज की।

होप ने 115 गेंदों पर पांच चौकों और सात छक्कों की मदद से नाबाद 128 रन बनाए जिससे वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ

विकेट पर 335 रन का मजबूत स्कोर बनाया। दक्षिण अफ्रीका की टीम इसके जवाब में कप्तान तेंबा बावुमा की 118 गेंदों पर 144 रन की लाजवाब पारी के बावजूद 41.4 ओवर में 287 रन पर आउट हो गई।

प्रथम हॉकी इंडिया वेस्ट जोन हॉकी स्पर्धा का हुआ रंगारंग शुभारंभ

छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने गुजरात को 16-0 रौंदा

▶▶ राजनादगांव

हॉकी इंडिया द्वारा संचालित व छत्तीसगढ़ हॉकी की मेजबानी में आयोजित की जा रही प्रथम हॉकी इंडिया वेस्ट जोन जूनियर बालक बालिका हॉकी स्पर्धा में रविवार का दिन मेजबान छत्तीसगढ़ के नाम रहा। बालक व बालिका वर्ग में गुजरात को दर्जनों गोल से पराजित करते हुए छत्तीसगढ़ ने विजय अभियान प्रारंभ किया। महाराष्ट्र ने राजस्थान को दोनों ही वर्गों में हराकर 3-3 अंक बटोरे।

स्पर्धा के तहत सुबह बालिका वर्ग का मैच खेला गया जिसमें पहले मैच में हॉकी महाराष्ट्र ने हॉकी राजस्थान को 4-2 से पराजित किया। बालिका वर्ग के ही दूसरे खेले गए एकतरफा मैच में मेजबान छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए गुजरात को 16-0 रौंदा। छत्तीसगढ़ की ओर से ही कप्तान ममतेश्वरी लहरे ने 5 गोल के साथ हैट्रिक लगाई। गीता यादव ने 4 गोल, सोनम साहू ने 3 गोल, अक्शा प्रविण, जान्हवी यादव, अंजली, रोहिणी केरकेटटा ने 1-1 गोल किया।

प्रदेश के बालकों ने 15-1 से जीता मैच

मैन आफ द मैच

प्रतियोगिता में मैन आफ द मैच का पुरस्कार पहले मैच में तनिष्का संजय शिंदे महाराष्ट्र, दूसरे मैच में कप्तान ममतेश्वरी छत्तीसगढ़ को तथा बालक वर्ग में कार्तिक रमेश पात्रे महाराष्ट्र व चौथे मैच में छत्तीसगढ़ के हर्ष साहू को प्रदान किया गया।

हर्ष ने दागे चार गोल

दोपहर में बालक वर्ग के खेले गए मैचों में महाराष्ट्र ने राजस्थान को 5-1 से आसानी से हरा दिया। बालक वर्ग के दूसरे खेले गए मैच में भी मेजबान छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों ने दम दिखाते हुए गुजरात को एकतरफा मुकाबले में 15-1 से धूल चटा कर कर लीग राउंड में 3 अंक प्राप्त किए। मैच प्रारंभ से ही छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी गुजरात पर हावी रहे और सभी क्वार्टर में गोल करते चले गए। छत्तीसगढ़ के हर्ष साहू ने 4, करण साहू व प्रकाश पटेल ने 3-3, श्रेयांश चैरासिया, नीरज कुमार, हिमांशु सिंह, सारिक अहमद खान, व विष्णु यादव ने 1-1 गोल किया। गुजरात की ओर से मंयक कुमार ने 1 गोल किया।

विकास सिंह और परमजीत ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶ नोमी

भारत के 20 किमी पैदल चाल के एथलीट विकास सिंह और परमजीत सिंह बिष्ट ने रविवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करके 2024 में होने वाले पेरिस ओलंपिक और 2023 में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया।

विकास और परमजीत ने एशियाई 20 किमी पैदल चाल चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग में क्रमशः 1:20:05 सेकेंड और 1:20:08 सेकेंड के साथ दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। चीन के कियान हैफेंग (1:19:09) ने पहला स्थान हासिल किया। पेरिस में 2024 में होने वाले ओलंपिक खेल और हंगरी के बुडापेस्ट में इस साल अगस्त में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाइंग मार्क 1:20:10 है और दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने इसे मामूली अंतर से हासिल किया।

बांग्लादेश बस हादसे में 17 की मौत, 25 लोग घायल

ढाका, (एजेंसी)। बांग्लादेश में मदारीपुर के शिबचार उपजिला के कुतुबपुर इलाके में रविवार सुबह एक बस के खाई में गिर जाने से 17 लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। मृतकों की शिनाख्त तत्काल नहीं हो सकी है। पुलिस ने बताया कि ढाका जा रही एमाद परिभान बस भंगा-ढाका एक्सप्रेसवे की रेलिंग तोड़कर नियंत्रण खो बैठी और खाई में गिर गई, जिससे 16 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। घायलों को शिबचर और ढाका के विभिन्न अस्पतालों में भेजा गया है। शिबचर हाईवे पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी अबू नईम मोफज्जल हक ने कहा कि दुर्घटना में 17 लोगों की मौत और कई अन्य घायल हो गए।

द कोरिया- अमेरिका का हवाई अभ्यास आरंभ

सोल, (एजेंसी)। उत्तर कोरिया की ओर से जापान सागर की ओर कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल दागे जाने के बाद दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने रविवार को संयुक्त हवाई अभ्यास किया जिसमें अमेरिकी परमाणु सक्षम बी-1बी रणनीतिक बमवर्षक शामिल था। रविवार को योनहाप ने कहा कि उत्तर कोरिया ने पश्चिमी तट पर तोंगचांग-री क्षेत्र से एक बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण किया है। मिसाइल ने लगभग 800 किलोमीटर (497 मील) की उड़ान भरी और जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिर गई। गत 13 मार्च से शुरू हुए फ्रीडम शील्ड अभ्यास के हिस्से के रूप में संयुक्त अमेरिकी-दक्षिण कोरिया अभ्यास कोरियाई प्रायद्वीप पर हुआ। इसमें एफ-35ए फाइटर जेट्स, अमेरिकी एफ-16 फाइटर्स और बी-1बी रणनीतिक बमवर्षक भी शामिल थे।

ताइवान हवाई क्षेत्र में 26 चीनी सैन्य विमान घुसे

ताइपे, (एजेंसी)। चीन और ताइवान के बीच तनाव अब भी कम नहीं हुआ है। इस बीच, ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कम से कम 26 चीनी सैन्य विमानों और नौसेना के चार पोतों को अपने वायुक्षेत्र में ट्रैक किया है। ताइवान के मीडिया ने यह जानकारी दी। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के मुताबिक पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के 26 विमान ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में देखे गए। इनमें से चार चेंगदू जे-10 लड़ाकू विमान, 4 शेनयांग जे-16 लड़ाकू विमान, एक सीएच-4 ड्रोन और एक हार्बिन बीजेडके-005 ड्रोन ने ताइवान स्ट्रेट मीडियन लाइन को पार किया। हार्बिन के एक अन्य ड्रोन ने वायु रक्षा पहचान क्षेत्र के दक्षिणी किनारे पर उड़ान भरी।

गर्भपात की गोलियों पर अमेरिका में प्रतिबंध

वाशिंगटन, (एजेंसी)। अमेरिका में व्योमिंग के गवर्नर मार्क गॉर्डन ने राज्य में गर्भपात की गोलियों पर रोक लगाने वाले विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इसके साथ ही व्योमिंग गर्भपात की गोलियों पर स्पष्ट प्रतिबंध लगाने वाला पहला अमेरिकी राज्य बन गया है। श्री गॉर्डन के कार्यालय ने कहा कि गवर्नर मार्क गॉर्डन ने जीवन समर्थक नीति एजेंडा को लागू करने के तहत कदम उठाते हुए आज रासायनिक गर्भपात पर प्रतिबंध पर हस्ताक्षर किए। साथ ही, उन्होंने हाउस बिल 152 - लाइफ इज ह्यूमन राइट एक्ट को कानून बनाने की भी अनुमति दी। गवर्नर ने चिंता व्यक्त की कि व्योमिंग में गर्भपात के अधिकारों पर कानूनी लड़ाई मामलों को जटिल कर सकती है।

तीन दिवसीय राजस्थान एक्सपो जोधपुर में कल से

जोधपुर, (एजेंसी)। राजस्थान के जोधपुर में 21 मार्च से शुरू हो रहे तीन दिवसीय राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो-2023 में 17 देशों से 95 और 234 इंडियन बायर्स सहित 8 देशों के राजदूत, उच्चायुक्त एवं गणमान्य भाग लेंगे। संभागीय आयुक्त केसी मीना ने बताया कि इंटरनेशनल एक्सपो के अयोजन अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर जोधपुर को एक अलग पहचान दिलाएगा। इन विशिष्टजनों की भागीदारी और विभिन्न बहुआयामी महत्वपूर्ण गतिविधियां जोधपुर के लिए गौरव की बात है। इसे देखते हुए आयोजन को आशातीत सफल एवं यादगार बनाने के लिए पूरे मनोयोग से काम करें और वृहत स्तर पर तैयारी के साथ सौंपे गए दायित्वों को अच्छी तरह निभाएं।

आज का इतिहास

- **1602:** यूनाइटेड डच ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना।
- **1739:** नादिरशाह ने दिल्ली सल्तनत पर कब्जा किया।
- **1814:** प्रिंस विलियम फ्रेडरिक नीदरलैंड का शासक बना।
- **1956:** ट्यूनीशिया को फ्रांस से आजादी मिली।
- **1956:** सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
- **1966:** भारतीय पार्श्वगायिका अलका याग्निक का जन्म।
- **1977:** प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी लोकसभा चुनाव में पराजित हुई।
- **2003:** अमेरिका ने इराक पर हमला शुरू किया।
- **2012:** दिल्ली निर्भया गैंगरेप के दोषियों को फांसी पर चढ़ाया गया था।

इक्वाडोर में भूकंप से 14 की मौत, 300 घायल

क्विटो, (एजेंसी)। पश्चिमी इक्वाडोर में 6.5 तीव्रता के भूकंप के कारण कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 300 से अधिक लोग घायल हुए हैं। राष्ट्रपति की प्रेस सेवा ने ट्वीट कर कहा कि 14 मृत, 381 घायल। इससे पहले इक्वाडोर के राष्ट्रपति गुयलेरमो लासो ने कहा कि भूकंप से मरने वालों की संख्या 12 है, जिसमें एल ओरो प्रांत में 11 और अजुए प्रांत में एक मौत दर्ज की गई है। शनिवार को रिक्टर स्केल पर 6.5 तीव्रता वाले के भूकंप के झटकों ने पश्चिमी इक्वाडोर को हिला कर रखा और उत्तरी पेरू में नुकसान हुआ है वहीं एक अन्य बालिका की मौत हुई। आरपीपी ने कहा कि इक्वाडोर की सीमा से लगे टुंबेस विभाग में छत गिरकर चार साल की बच्ची की मौत हो गई।

न्यायिक सुधार के खिलाफ इजरायल में प्रदर्शन जारी

यरुशलम, (एजेंसी)। इजरायल में विवादास्पद न्यायिक सुधार के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन में करीब 260,000 लोगों ने हिस्सा लिया। द टाइम्स ऑफ इजरायल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि इजरायल में न्यायिक सुधार के खिलाफ लगातार 11 सप्ताह से प्रदर्शन जारी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक राजधानी तेल अवीव में शनिवार को लगभग 1, 75,000 प्रदर्शनकारी एकत्रित हुए, जबकि 85,000 लोगों ने अन्य शहरों में प्रदर्शन किया। सिर्फ यरुशलम में करीब 10,000 प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति आवास के बाहर जमा हो गए। उत्तरी इजरायल में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछार की।

वहीं, तेल अवीव में आयलोन राजमार्ग को अवरूद्ध कर प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। इजरायल पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने सरकार के न्यायिक सुधार के खिलाफ प्रदर्शन और हिंसा कर रहे लोगों को पुलिस और अभियोजक के कार्यालय से सख्त कदम उठाने का आग्रह किया। जनवरी में इजरायल के न्याय मंत्री यारिव लेविन ने एक कानूनी सुधार प्रक्रिया शुरू की, जो नए न्यायाधीशों के चयन पर कैबिनेट नियंत्रण देकर सर्वोच्च न्यायालय के अधिकार को सीमित करेगा।

गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर खुला पहला ट्रांसजेंडर टी स्टॉल

असम । इस महीने 10 मार्च को गुवाहाटी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर बड़ी संख्या में ट्रांसजेंडर सज-धज के पहुंचे थे। इस दौरान ट्रांस टी स्टॉल का उद्घाटन किया गया। अक्सर जो ट्रांसजेंडर ट्रेन के डिब्बे में ताली बजाकर पैसा मांगते दिखते है वो लोग अब चाय बेच रहे हैं। इस दौरान पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक अंशुल गुप्ता समेत रेलवे प्रशासन के कई बड़े अधिकारी भी मौजूद थे। दरअसल, ऐसा दावा किया जा रहा है कि असम की राजधानी गुवाहाटी अब भारतीय रेलवे का पहला स्टेशन बन गया है जहां ट्रांसजेंडर चाय बेचते नजर आ रहे हैं।

वैश्विक श्री अन्न सम्मेलन में विश्व खाद्य कार्यक्रम का एमओयू

भारत के कृषि संबंध होंगे मजबूत

विभिन्न देशों के मंत्रियों से तोमर की हुई द्विपक्षीय बैठकें

नई दिल्ली, (एजेंसी)। ग्लोबल मिलेट्स (श्री अन्न) सम्मेलन में शामिल गयाना, सूरीनाम, जाम्बिया, मॉरीशस व श्रीलंका के कृषि मंत्रियों के साथ कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की रविवार को द्विपक्षीय बैठकें हुई। साथ ही, संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

इस दौरान श्री तोमर ने भारत द्वारा अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष (आईवाईएम) के अंतर्गत श्री अन्न को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित वैश्विक सम्मेलन का हिस्सा बनने के लिए इन मंत्रियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष इसलिए मनाया जा रहा है ताकि भारतीय श्री अन्न उनके व्यंजनों व मूल्यवर्धित उत्पादों को एक जनांदोलन के रूप में वैश्विक स्तर पर स्वीकारा जा सकें। उन्होंने विभिन्न देशों के साथ भारत के कृषि संबंधों को और मजबूत किए जाने की उम्मीद जताई। श्री तोमर ने गयाना के कृषि मंत्री जुल्फिकार मुस्तफा के साथ बैठक में, वहां के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली व उपराष्ट्रपति भरत जगदेव की भारत यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि कृषि, दोनों देशों के बीच सहयोग का एक बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। उन्होंने भारत-गयाना के संबंधों में सतत प्रगति पर खुशी व्यक्त करते हुए कृषि व सम्बद्ध क्षेत्रों में ठोस सहयोग की आशा प्रकट की। श्री तोमर ने गयाना को कच्चे तेल की विशाल खोज के लिए बधाई देते हुए कहा कि इससे गयाना एक प्रमुख ऊर्जा निर्यातक के रूप में स्थापित हो सकेगा, जिसमें वहां के लोगों के जीवन को बदलने की क्षमता है।

उन्होंने भारत व गयाना के बीच कृषि और कृषि-प्रसंस्करण उद्योग में सहयोग की अपार संभावनाएं भी जताते हुए कहा कि दोनों देश एक-दूसरे के पूरक हैं, क्योंकि गयाना में व्यापक कृषि-योग्य भूमि व पानी उपलब्धता है और भारत के पास प्रौद्योगिकी, विशेषज्ञता एवं कुशल जनशक्ति है, जिससे दोनों देश लाभान्वित हो सकते हैं। भारत गयाना में कृषि व संबद्ध क्षेत्रों के विकास में विशेषज्ञता, अनुभव को साझा करने का इच्छुक है, जिसके लिए एक एमओयू को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

जाम्बिया के कृषि मंत्री रूबेन फिरी मटोलो के साथ बैठक में श्री तोमर ने कहा कि भारत व जाम्बिया के बीच लंबे समय से मधुर संबंध हैं। जाम्बिया के स्वतंत्रता संग्राम के नेताओं ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम के नेताओं, विशेष रूप से महात्मा गांधी से प्रेरणा प्राप्त की। गांधीजी जाम्बिया में इसके नेताओं और युवा पीढ़ी को आज भी प्रेरित करते हैं। जाम्बिया उन कुछ अफ्रीकी देशों में से है, जिन्हें भारत के विकास सहयोग कार्यक्रम से काफी लाभ हुआ है।

मॉरीशस के कृषि-उद्योग और खाद्य सुरक्षा मंत्री मनीष गोबिन के साथ बैठक में श्री तोमर ने कहा कि भारत के ऐतिहासिक, जनसांख्यिकीय व सांस्कृतिक कारणों से मॉरीशस के साथ घनिष्ठ, दीर्घकालिक संबंध हैं। मॉरीशस उन कुछ महत्वपूर्ण देशों में से एक है, जिसके साथ स्वतंत्र भारत ने 1948 में मॉरीशस की स्वतंत्रता से भी पहले राजनयिक संबंध स्थापित किए।

श्रीलंका के कृषि मंत्री महिंदा अमरवीरा और श्री तोमर के बीच बैठक में कृषि के विषयों पर चर्चा हुई। श्री तोमर ने कहा कि भारत व श्रीलंका में आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा कृषि पर निर्भर है और इस क्षेत्र को आगे ले जाने के लिए दोनों पक्षों की प्राथमिकताएं बहुत समान हैं। कृषि क्षेत्र में दोनों पक्षों के बीच सहयोग स्वाभाविक हो जाता है।

मारियुपोल पहुंचे पुतिन ने शहर भर में दौड़ाई कार

कीव, (एजेंसी)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने डोनेट्स्क क्षेत्र के यूक्रेनी शहर मारियुपोल की यात्रा की है, जिस पर पिछले साल मई से ही रूसी सेना का कब्जा है। रूसी समाचार एजेंसी ने रविवार को क्रेमलिन का हवाला देते हुए बताया कि राष्ट्रपति पुतिन ने हेलीकॉप्टर से मारियुपोल के लिए उड़ान भरी और वहां पहुंचने के बाद उन्होंने शहर के कई इलाकों में खुद कार दौड़ाई।

यूक्रेन ने डोनोट्स्क में 15 रॉकेट दागे

डोनेट्स्क, (एजेंसी)। यूक्रेन की सेना ने डोनेट्स्क शहर के किरोवस्की जिले में मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम से 15 रॉकेट दागे हैं। यूक्रेन के युद्ध अपराधों (जेसीसीसी) से संबंधित मुद्दों के नियंत्रण एवं समन्वय हेतु स्थापित संयुक्त केंद्र के लिए डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) मिशन ने टेलीग्राम पर जारी बयान में कहा कि यूक्रेन की ओर से 00:23 (शनिवार को 21:23 बजे) क्रास्नोगोरोव्का-डोनेट्स्क शहर (किरोव्स्की जिला) को लक्ष्य कर एमएलआरएस से 15 रॉकेट दागे गए।

ओडिशा के डीजे एलेक्स उर्फ अक्षय का संदिग्ध हालत में मिला शव, जांच शुरू

भुवनेश्वर, (एजेंसी)। ओडिशा के पॉपुलर डीजे एलेक्स उर्फ अक्षय कुमार का शव शनिवार शाम को उनके भुवनेश्वर स्थित घर पर मिला है। पुलिस के मुताबिक उनका शव संदिग्ध हालत में पाया गया, जिसकी जांच शुरू हो चुकी है। वहीं परिवार ने अक्षय की गर्लफ्रेंड पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। घरवालों का कहना है कि गर्लफ्रेंड कई दिनों से अक्षय को कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियोज दिखाकर ब्लैकमेल कर रही थी। शनिवार शाम को शव मिलने के बाद अक्षय की बॉडी भुवनेश्वर के कैपिटल हॉस्पिटल भेजी गई थी, जहां उनका पोस्टमार्टम हुआ है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने नहीं आई है। शहर की खारवेल नगर पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

पाक से भारत में घुसा तेंदुआ जम्मू के सांबा में अलर्ट जारी

नई दिल्ली,(एजेंसी)। जम्मू कश्मीर के सांबा जिले में इंटरनेशनल बॉर्डर (आईबी) से सटे रामगढ़ सेक्टर में एक तेंदुआ पाकिस्तान से भारत की सीमा में घुस आया। इसकी जानकारी मिलते ही सुरक्षाकर्मियों ने रामगढ़ के सांबा में अलर्ट जारी कर दिया है।

वन्य विभाग की टीमों को तेंदुए की तलाश में है। एक अधिकारी ने जानकरी दी कि शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सीमा चौकी नर्सरी के पास लगी बाड़ को पार करते कैमरे में तेंदुआ कैद हुआ है। संबंधित बीएसएफ यूनिट से सूचना मिलने के बाद सभी सीमा पुलिस चौकियों को अलर्ट किया है।

21 किमी सफर के उबर ने वसूले 1525 रुपए, फिर नौ सौ वापस

नई दिल्ली,(एजेंसी)। दिल्ली में एक महिला ने उबर कैब को इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से चित्तरंजन पार्क के लिए बुक किया था। ड्राइवर ने 21 किमी यात्रा के लिए 1525 रुपए लिए। महिला ने कंपनी के साथ इस मुद्दे को उठाया तो उबर के प्रतिनिधियों ने महिला को बताया कि बढ़े हुए बिल के पीछे का कारण जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम में त्रुटि है. महिला को सवारी के अतिरिक्त शुल्क को कवर करते हुए 900 रुपए वापसी की।

ऊर्जा मंत्री से चर्चा करने के बाद बिजली कर्मियों की हड़ताल वापस

लखनऊ, (ब्यूरो)। यूपी में बिजली कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म करने की घोषणा कर दी है। कर्मचारियों ने ऊर्जा मंत्री के साथ बैठक खत्म होने के बाद यह निर्णय लिया। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा एवं चेयरमैन एम देवराज से वार्ता होने के बाद रविवार दोपहर संघर्ष समिति हड़ताल खत्म करने की घोषणा कर दी है।

संघर्ष समिति और कारपोरेशन सोमवार को हाई कोर्ट में अपना पक्ष रखेगा। हड़ताल खत्म होने की घोषणा के बाद ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि सरकार की ओर से कर्मचारियों की सभी मांगों पर सकारात्मक तरीके से विचार किया जा रहा है।

सरकार पहले भी वार्ता के लिए तैयार थी और आज की वार्ता सकारात्मक रही है। सभी कर्मचारियों से अपील है कि तत्काल काम पर लौट जाएं। उन्होंने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों पर हुई कार्यवाही को विधिक तरीके से वापस लिया जाएगा।

संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि हम किसी भी कीमत पर उपभोक्ताओं को नुकसान नहीं होने देना चाहते हैं। कर्मचारी हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे अभी समझौते को लागू करने का आश्वासन दिया गया है। इस वजह से हड़ताल वापस ले रहे हैं।

करंट लगने से हाथी की मौत, 11 दिन में 4 मरे

तमिलनाडु, (एजेंसी)। यहां के धर्मपुरी जिले में शनिवार को एक नर हाथी की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के वीडियो में खेतों के बीच से गुजर रहा हाथी को जैसे ही बिजली के तारों से करंट लगा वह जमीन पर आ गिरा। जिले में बीते 11 दिनों 4 हाथियों की करंट लगने से मौत हुई है। दरअसल, एक नर हाथी केलावल्ली गांव में घुस आया था। सूचना मिलने के बाद विभाग की टीम गांव पहुंची थी। फिर हाथी को गांव से बाहर निकालने में जुट गई थी।

हाथी गांव के खेत में मौजूद था। टीम जब उसे जंगल की ओर भगाने में लगी हुई थी, उसी दौरान हाथी एक खेत से निकलकर दूसरे खेत की ओर बढ़ता है। हाथी दूसरे खेत में जाने के लिए मिट्टी के टीले पर चढ़ता है। इस दौरान वह ऊपर से निकले बिजली के तारों के संपर्क में आ जाता है। विशालकाय नर हाथी धड़ाम से जमीन आ गिरता है और करंट लगने से उसकी मौत हो जाती है। बता दें कि 7 मार्च को धर्मपुरी जिले के ही मारनदहल्ली इलाके में तीन हाथियों की करंट लगने से मौत हो गई थी।

विदेशी वकील व फर्म भारत में अभ्यास के बनेंगे हकदार

नई दिल्ली,(एजेंसी)। नए नियम के मुताबिक विदेशी वकील और कानून फर्मों को भारत में अभ्यास करने के लिए बीसीआई के साथ पंजीकरण कराने की अनुमति मिल गई है इसके तहत वो सिर्फ अपने देश के कानून का अभ्यास करने के हकदार होंगे कानूनी पेशे को लेकर एक बड़ा फैसला लिया गया है। शीर्ष संस्था बार काउंसिल ऑफ इंडिया यानी बीसीआई ने विदेशी वकीलों और कानूनी फर्म को भारत में प्रैक्टिस करने की इजाजत दे दी है।

इस फैसले के मुताबिक विदेशी वकील कोर्ट में पेश नहीं हो सकते हैं, वे केवल कॉर्पोरेट लेनदेन से जुड़े हुए कामकाज या विदेशी कानून पर अपने क्लाइंट को सलाह देने का काम कर सकते हैं। 13 मार्च को, बीसीआई ने आधिकारिक सूचना दी जिसमें में बीसीआई ने कहा कि इससे भारतीय और विदेशी दोनों वकीलों को फायदा होगा। विदेशी वकील और लॉ फर्म भारत में काम कर सकेंगे। इसके लिए विदेशी विधि पंजीकरण और नियमन-2022 के लिए नियम बनाया गया है।

बीसीआई ने साफ कहा है कि कुछ पाबंदियों के साथ इस फैसले से सुनिश्चित किया जाएगा कि यह भारत और विदेशी वकीलों के हित में हो। बीसीआई अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है, और यह भारत में कानूनी प्रैक्टिस और कानूनी शिक्षा की देखरेख करती है। इस फैसले के बाद बीसीआई ने तर्क दिया है कि उसके कदम से देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को लेकर होने वाली चिंताएं खत्म हो जाएगी।

पहल अयोध्या में राम मंदिर के लिए स्पेशल सड़क बनवा रही सरकार, सीएम योगी ने किया मुआयना

गर्मी में भक्ति पथ पर नहीं जलेंगे श्रद्धालुओं के पग

अयोध्या,(एजेंसी)। उप्र सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अयोध्या में तीन कारीडोर का काम देखा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि अयोध्या में जब राम मंदिर बन जाएगा तो रोजाना एक लाख श्रद्धालु राम मंदिर में दर्शन करेंगे और 2047 तक 10 करोड़ श्रद्धालु सालाना अयोध्या पहुचेंगे।

भगवान राम वनवास के दौरान नंगे पैर रहे थे क्योंकि उनके खडाऊं भरत अयोध्या के सिंघासन पर रखने के लिए ले गए थे। इस दौरान उन्होंने न जाने कितने कष्ट सहे होंगे, कितने कील-कांटे उनके पैरों में चुभे होंगे। अब अयोध्या में जन्मभूमि पर उनका भव्य मंदिर बन रहा है। उनके दर्शन के लिए लाखों-करोड़ों भक्त नंगे पैर मंदिर तक जाया करेंगे। राम भक्तों को कोई परेशानी न हो आए इसके लिए योगी सरकार खास सड़कें बनवा रही है। यह सड़क ऐसी बनवाई जा रही हैं कि चाहे कितनी भी गर्मी हो लेकिन उस पर चलने वालों के पेर नहीं जलेंगे। इस तरह की सड़कें राज्य में पहली बार बनवाई जा रही हैं। सड़क में ऐसे कैमिकल का इस्तेमाल होगा जिससे सड़क ठंडी रहेगी। आपको बता दें कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन रहा है तो श्रद्धालुओं को सभी तरह की सुविधा देने की तैयारी की जा रही है। अभी श्रद्धालुओं को बहुत पतली गली से राम मंदिर जाना पड़ता है। लेकिन अब काशी विश्वनाथ कोरिडोर की तर्ज पर अब यहां मन्दिर जाने के रास्ते चौड़े बन रहे हैं। अयोध्या में राम मंदिर जाने के लिए तीन पथ बन रहे हैं-राम पथ,भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ पर नहीं जलेंगे भक्तों के पग

इनमें भक्ति पथ में ऐसी तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है कि पारा चाहे कितना भी क्यों न हो ये सड़क गर्म नहीं होगी। प्रोजेक्ट मैनेजर सूरज चौधरी के मुताबिक इस सड़क में खास तौर के कैमिकल का इस्तेमाल होगा। 800 मीटर लम्बा भक्ति पथ श्रद्धालुओं को श्रृंगार हाट बैरियर से राम मंदिर ले जाएगा। श्रद्धालु रास्ते में हनुमानगढ़ी, दशरथ महल और लवकुश महल होते हुए राम मंदिर पहुंचेंगे। 63 करोड़ से बनने वाले भक्ति पथ में साढ़े पांच मीटर चौड़ी सड़क होगी और सड़क के दोनों ओर चार-चार मीटर का फुटपाथ होगा। राम मंदिर जाने के लिए सबसे छोटा पैदल रास्ता होगा।

रामपथ बनेगा 14 किलोमीटर लंबा

वहीं राम मन्दिर के लिए अयोध्या के सहादत गंज से नया घाट तक 14 किलोमीटर लंबा राम पथ बन रहा है। इन तीनों पथ में जो घर और दुकान आ रही है उन्हें एक डिजाइन का बनाया जा रहा है और खास तरह की कलर स्कीम तय की गई है। योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में इन तीन कारीडोर का काम देखा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि अयोध्या में जब राम मंदिर बन जाएगा तो रोजाना एक लाख श्रद्धालु राम मंदिर में दर्शन करेंगे और 2047 तक 10 करोड़ श्रद्धालु सालाना अयोध्या पहुंचेंगे।

एमएलसी आशुतोष सिन्हा को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने दिया ज्ञापन

केंद्र सरकार के तर्ज राज्य सरकार भी पुरानी पेंशन योजना को करें लागू

प्रखर वाराणसी। केंद्र सरकार ने विगत 3 मार्च 2023 को एक शासनादेश जारी करके उन सभी केंद्रीय शिक्षकों कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने का निर्णय किया जिनका भर्ती विज्ञापन केंद्र में 22 दिसंबर 2003 को जारी एनपीएस नोटिफिकेशन से पुर्व हुआ था और वे इस नोटिफिकेशन की वजह से पुरानी पेंशन की पात्रता रखते हुए भी इससे बाहर हो गये थे। उत्तर प्रदेश राज्य में भी केंद्र के समान 28 मार्च 2005 को एनपीएस नोटिफिकेशन जारी कर-के पुरानी पेंशन समाप्त किया गया था जिससे 28 मार्च 2005 के एनपीएस नोटिफिकेशन के पूर्व के विज्ञापन से नियुक्त साठ हजार से ज्यादा शिक्षक कर्मचारी पुरानी पेंशन व्यवस्था से बाहर हो गये थे। अब जबकि केंद्र ने राजाज्ञा जारी करके ऐसे सभी शिक्षकों कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने का निर्णय लिया है तो उत्तर प्रदेश राज्य के उन साठ हजार शिक्षकों कर्मचारियों में पुरानी पेंशन मिलने की उम्मीद जागी है जो एनपीएस नोटिफिकेशन से पुर्व के विज्ञापन से उत्तर प्रदेश में नियुक्त

हुए थे जिसके लिए उत्तरप्रदेश सरकार से भी केंद्र के समान शासनादेश जारी करवाने के लिए वाराणसी जनपद के मंत्रियों विधायकों से मिलकर ज्ञापन देने के क्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी ने प्रदेश संयुक्त मंत्री एवं वाराणसी के जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय "शेखर" के नेतृत्व में वाराणसी स्नातक खंड के विधान परिषद सदस्य माननीय आशुतोष सिन्हा जी को से उनके कार्यालय में मिलकर इस विषय पर वार्ता करके उत्तर प्रदेश राज्य में भी केंद्र के समान पुरानी पेंशन देने का शासनादेश जारी करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा।

माननीय विधायक से वार्ता के दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश संयुक्त मंत्री एवं वाराणसी के जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय"शेखर" ने उन्हें बताया की केंद्र सरकार के सभी निर्णय राज्य सरकारें अपने यहां लागू करती रही है। उत्तरप्रदेश सरकार भी इसका अपवाद नहीं है तभी जब केंद्र सरकार द्वारा 1 जनवरी 2004 को अपने यहां पुरानी पेंशन समाप्त करके एनपीएस लागू किया तो उत्तर प्रदेश सरकार ने भी 1 अप्रैल 2005 को पुरानी पेंशन समाप्त करके एनपीएस लागू किया ऐसे में जब केंद्र सरकार ने 3 मार्च 2023 को शासनादेश जारी करके अपने यहां के ऐसे सभी केंद्रीय शिक्षकों कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दे दिया है जिनका विज्ञापन एनपीएस लागू होने से पहले का था तो उत्तर प्रदेश सरकार को भी केंद्र के समान शासनादेश जारी करके अपने यहां के उन सभी साठ हजार से ज्यादा शिक्षकों कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने का निर्णय करना चाहिए जिनका नियुक्ति का विज्ञापन एनपीएस लागू होने से पहले हुआ था।

जिस पर विधायक जी ने माना कि ऐसे शिक्षकों कर्मचारियों को पुरानी पेंशन मिलना न्यायोचित है जिसके लिए उत्तर प्रदेश से सरकार राजाज्ञा जारी कराने के लिए वे न केवल मुख्यमंत्री को पत्र लिखेंगे अपितु इस मामले को विधानसभा में उठाएंगे और तब तक इसके लिए संघर्ष करेंगे जब तक इन शिक्षकों कर्मचारियों को न्याय नहीं मिल जाता। माननीय विधायक जी से मुलाकात के दौरान वाराणसी मंडल/जिला महामंत्री आनंद कुमार सिंह, कार्यकारी जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश, जिला उपाध्यक्ष गोपेश यादव, राजन सिंह,अनिल सिंह, जिला संगठन मंत्री प्रभाकर द्विवेदी, जिलामंत्री प्रभात भृगुवंश, जिला प्रचार मंत्री अनिल तिवारी, चोलापुर ब्लाक अध्यक्ष पवन सिंह, आराजीलाइन्स ब्लाक के कार्यकारी अध्यक्ष अमिताभ राय जी उपस्थित रहे।

काशी रौनियार वैश्य समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया होली मिलन सभी ने अबीर लगाकर दी एक दूसरे को बधाई

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। काशी रौनियार वैश्य समाज, अंधरापुल, वाराणसी व उसके अन्य घटक के संयुक्त तत्वाधान में तेलियाबाग स्थित पटेल धर्मशाला में रौनियार वैश्य समाज का सायंकाल होली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि अरुण कुमार रौनियार का माल्यार्पण समाज के अध्यक्ष राजकिशोर रौनियार एवं युवा अध्यक्ष अजय रौनियार ने किया` विशिष्ट अतिथि शैलेन्द्र रौनियार एवं मोहन रौनियार का माल्यार्पण विनोद रौनियार महामंत्री तथा श्रीराज कुमार रौनियार कोषाध्यक्ष ने किया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि ने काशी रौनियार वैश्य समाज के पदाधिकारियों के कार्यों की सराहना की व प्रसन्नता व्यक्त किया साथ ही साथ कहा कि फूलों की होली के द्वारा श्री राधाकृष्ण का आशीर्वाद भी मिलता रहे ऐसी कामना की विशिष्ट अतिथि ने आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का त्योंहार होली को बताया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से गोपाल , जुगुल किशोर ,महेन्द्र , डॉ० रत्नेश, सुरेश , दिलीप , नन्दलाल , अरविन्द , अशोक (एडवोकेट), भरत , निमिश, पियूष नरेश, संतोष, डॉ० लक्ष्मण प्रसाद, आनन्द , दुर्गा मेन्यू, विष्णुदयाल, उमेश रामनगर, अशोक पहड़िया, जे०एल० गुप्ता, अरुण गुप्ता, संदीप , राजीव , रिंकू , मुकेश एवं पं० अनन्त पाण्डेय, अवधेश , सुधीर , अजीत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नीरज रौनियार ने किया व धन्यवाद प्रकाश अध्यक्ष राजकिशोर रौनीयार ने किया।

संक्षिप्त खबरें

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृत परिजनों को भारतीय स्टेट बैंक शाखा हरहुआ ने दिया 200000 का चेक परिजनों में खुशी

प्रखर हरहुआ वाराणसी। क्षेत्र में भारतीय स्टेट बैंक शाखा हरहुआ क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अनोरा के निवासी सोमनाथ पाल पुत्र स्वर्गीय हीरामन पाल का मृत के उपरांत SBI के शाखा प्रबंधक द्वारा उनकी पत्नी सोनी पाल को हरहुआ एसबीआई प्रबंधक शिवम हर्ष ने 200000 का क्लेम का चेक दिया बताते चलें कि ग्राम अनोरा निवासी सोमनाथ एक्सीडेंट द्वारा मौत हो गई थी जिसमें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के तहत भारतीय स्टेट बैंक शाखा द्वारा 200000 का क्लेम प्रबंधक द्वारा दिया गया। पहले मृत ने अपना खाता भारतीय स्टेट बैंक हरहुआ शाखा में जनधन खाता खुलवाया था। भारतीय स्टेट बैंक में प्रबंधक शिवम हर्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा सबका कराना चाहिए।

गोवर्धन धाम में आकर्षक झाकियों के साथ धुमधाम से मनाया गया होली महा महोत्सव

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। गोवर्धन पूजा समिति के द्वारा होली महा महोत्सव का नमों घाट स्थित सफल आयोजन किया गया` कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राधा कृष्ण व भुतभावन महादेव की झाकी थी इस आयोजन मे हजारों लोग परिवार सहित उपस्थित थे। आयोजन की अध्यक्षता अशोक यादव अध्यक्ष गोवर्धन पूजा समिति ने किया स्वागत कोषाध्यक्ष विनोद यादव गप्पू ने किया संचालन महामंत्री पारस यादव पप्पू ने किया` मुख्य उपस्थिति ट्रस्ट बोर्ड अध्यक्ष गोपाल जी यादव , संरक्षक सीताराम यादव ई.अशोक यादव, उपाध्यक्ष राजाराम यादव , दिनेश यादव, शिव अधार यादव , विनोद यादव ,अशोक यादव, राजेश अहिर, बृजेश यादव, सपा नेत्री पूजा यादव सहित इत्यादि की रही।

प्रदेश और केन्द्र सरकार किसानों को दे रही है धोखा : रामचन्द्र सिंह

प्रखर कुशीनगर। भारतीय किसान यूनियन (अम्बवता) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज दिनाँक 20 मार्च 2023 को कॉन्सिटूशन क्लब, नई दिल्ली में यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, चौधरी ऋषिपाल सिंह अम्बावता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। अपने सम्बोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि, यह सरकार किसान विरोधी है और अब किसान देश की राजनीति में भी अपना हिस्सेदारी तय करेगा। वही यूनियन के जिलाध्यक्ष, कुशीनगर रामचन्द्र सिंह ने कहा कि, डबल इंजन की देश और प्रदेश की सरकार किसान विरोधी है और किसानों को दे रही है धोखा। किसान अपना बहुमूल्य वोट देकर नेताओं को सांसद और विधायक बना देते है और जब किसान हित की बात आती है तो यह नेतागण किसानों की आवाज को दबाना चाहते है और उनके हित मे कार्य नही करते। आगे जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने बैठक में बताया कि, लक्ष्मीगंज बन्द चीनी मिल को चलवाने के लिये विगत छः वर्षों से हमारे नेतृत्व में किसानों द्वारा माँग करने के बाद भी प्रदेश की योगी और देश की मोदी सरकार किसान हित मे लक्ष्मीगंज बन्द चीनी मिल को नही चलवाकर यह साबित कर दिया है कि सिर्फ हम किसानों का वोट लेकर भाजपा की सरकार बनायेंगे मगर किसान हित में कार्य नही करेंगे!

पुलिस उपायुक्त गोमती जोन की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय बाबतपुर में अपराध समीक्षा बैठक व सैनिक सम्मेलन का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। पुलिस उपायुक्त गोमती जोन की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय बाबतपुर में अपराध समीक्षा बैठक व सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया` सैनिक सम्मेलन में उपस्थित अधिकारी,कर्मचारीगणों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तत्पश्चात समस्त थाना प्रभारियों व आईजीआरएस मुंशी के साथ अपराध समीक्षा बैठक की गयी जिसमें जोन में लम्बित आईजीआरएस,प्रार्थना पत्र, हत्या, लूट, डकैती, चोरी, नकबजनी व महिला सम्बन्धी अपराधों की विस्तृत समीक्षा की गयी । आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों को भौतिक सत्यापन करते हुए समयबद्धता, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु आदेशित किया गया` चोरी, लूट, नकबजनी व महिला सम्बन्धी अपराधो (पॉक्सो अधिनियम) को वरीयता के आधार पर निस्तारण करने तथा संलिप्त अपराधियो के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व सांसद सरला भदौरिया की मनी पुण्यतिथि

प्रखर मनिहारी (गाजीपुर)। हंसराजपुर बाजार स्थित गांधी आश्रम कैम्पस मे स्वतंत्रता सेनानी पूर्व सांसद सरला भदौरिया की पुण्यतिथि सोमवार को मनाई गई। पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोपाल सिंह यादव ने कहा की देश को आजाद कराने मे सरला भदौरिया का महत्वपूर्ण योगदान था। उनके क्रांतिकारी जज्बा को देखकर डा.राममनोहर लोहिया जी प्रभावित रहते थे। उनके द्वारा देशहित मे सड़क एवं संसद में किए संघर्षों की बराबर प्रसंशा किया करते थे।महात्मा गांधी के अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन से प्रेरणा लेकर आजादी की लड़ाई में कूदने वाले कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया की अगुवाई में लाल सेना ने चंबल की पथरीली और ऊबड़ खाबड़ वादियों में अंग्रेजी सिपाहियों के छक्के छुड़ा दिये थे। जिसमे सरला भदौरिया का अहम योगदान था।जब कमांडर साहब ने लाल सेना खड़ी की तो वह उनके साथ सरला जी चट्टान की तरह खड़ी रही।वह क्रांतिकारी व्यक्तित्व को परिभाषित करते हुए अपने डेढ़ साल के बच्चे के साथ फैजाबाद जेल चली गई। परन्तु ब्रिटिश हुकूमत के आगे सिर नहीं झुकाया।सरला भदौरिया ने अपने पति स्वतंत्रता सेनानी पूर्व सांसद कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया के साथ मिलकर स्वतंत्रता आंदोलन के लिए क्रांतिकारी भूमिका निभाई और अंग्रेजी सेना की यातायात व्यवस्था ठप करने और अंग्रेजी प्रशासन को उखाड़ फेंकने में पूरी शक्ति झोंक दी थी। अपने पति एवं अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पुलिस थानों पर कब्जा किया और रेलवे स्टेशनों को जलाया।डा.लालजी भारद्वाज ने कहा कि उनको डराने-धमकाने के लिए अंग्रेजी हुक्मरानों ने उनके पति कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया को 44 वर्ष का सश्रम कारावास दिया। एक जेल से दूसरी जेल में निरंतर स्थानांतरित करते हुए ढाई वर्ष तक लगातार हाथ-पैर में बेड़ियां डालकर रखे रहे। उन्हें 52 बार गिरफ्तार करने के बाद भी सरला भदौरिया के मनोबल को तोड़ नहीं सके। इसके बाद भी उन्होंने आजादी की जंग पूरी ताकत, जोश, कुबार्नी के जज्बे से सराबोर होकर लड़ी। इस अवसर पर राजनाथ यादव, विरेंद्र प्रताप सिंह, धर्मचंद यादव,नवीन कुमार एडवोकेट, प्रवीण कुमार, जितेन्द्र, डा.प्रमोद यादव, गोपाल पांडेय,संजय राजभर,पारसनाथ यादव,डा.चन्द्रदेव यादव, कृष्णानंद पांडेय,मोती यादव,मुन्द्रिका सिंह चौहान, रामबचन यादव,आदि उपस्थित थे।

रितेश पांडे बने भोजपुरी सिनेमा के पॉपुलर फेस ऑफ द ईयर मिला, दुबई में मिला 'बेस्ट पॉपुलर फेस' का अवार्ड

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सुपरस्टार रितेश पांडे भोजपुरी फिल्म जगत में अपने बेहतरीन सिंगिंग, एक्टिंग और हैंडसम लुक के लिए जाने जाते हैं उनके जो भी गाने व फिल्में ऑडियंस के बीच आते हैं उसे खूब पसंद किया जाता है और लोगों का फुल इंटरटेनमेंट होता है ऐसे में रितेश पांडे ओटीटी प्लेटफॉर्म चौपाल पर टेलीकास्ट हुई भोजपुरी वेब सीरीज 'लंका में डंका' में भी अपने बेहतरीन पर्सनलिटी और दमदार एक्टिंग से सभी का दिल जीत रहे हैं रितेश पांडे के स्टारडम को ध्यान में रखकर दुबई में आयोजित इंटरनेशनल भोजपुरी फिल्म अवार्ड समारोह में रितेश पांडेय को 'बेस्ट पॉपुलर फेस' का अवार्ड बॉलीवुड सुपरस्टार गोविंदा और इंडियन मोशन पिक्चर्स प्रोड्यूसर एसोसिएशन के अध्यक्ष

अभय सिन्हा के हाथों दिया गया यह अवार्ड सम्मान पाकर रितेश पांडे ने सभी का तहेदिल से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया और अपने फैंस को शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि ऐसे ही अपना प्यार, आशीर्वाद हमेशा आप सब बनाए रखें उल्लेखनीय है कि यशी फिल्म्स प्रस्तुत 6th इंटरनेशनल भोजपुरी फिल्म अवार्ड 2023 सफल आयोजन दुबई में हुआ। इस अवॉर्ड शो में जहां पहली बार भोजपुरी अवॉर्ड शो में शामिल हुई जैकलिन फर्नांडीस का धमाल परफॉर्मेंस और हीरो नंबर 1 गोविंदा का जलवा देखने को मिला वहीं सांसद मनोज तिवारी, जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ, पावर स्टार पवन सिंह, सुपरस्टार रितेश पांडे, भोजपुरी स्क्रीन की मोस्ट प्रामिसिंग एक्ट्रेस आम्रपाली दूबे, अंजना सिंह सहित भोजपुरी फिल्म के बहुत सारे सितारे मौजूद रहे।

कमल कुमार सिंह बने अध्यक्ष, स्वर्णकार क्षत्रिय कमेटी का हुआ चुनाव पांच नए संरक्षक भी मनोनीत

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वाराणसी की अति प्राचीन सन-1954 में स्थापित सामाजिक संस्था स्वर्णकार क्षत्रिय कमेटी के साधारण सभा की बैठक कमेटी के कोषाध्यक्ष जनार्दन वर्मा के श्रीनगर कॉलोनी, पहड़िया स्थित आवास पर संपन्न हुई` स्वर्णकार क्षत्रिय कमेटी के अध्यक्ष किशोर सेठ की अध्यक्षता में हुई साधारण सभा की बैठक में सर्वसम्मति से नए सत्र हेतु कमल कुमार सिंह अध्यक्ष, घनश्याम सेठ बच्चा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सतीश कुमार सिंह महामंत्री, विष्णु सेठ कोषाध्यक्ष मनोनीत हुए। बैठक के प्रारंभ में सभा ने वरिष्ठ 5 सलाहकार को जिनमें सरोज सेठ, विनोद कुमार सेठ, श्याम सुंदर सिंह, रवि सर्राफ तथा कृष्ण कुमार सेठ को सर्वसम्मति से संरक्षक मनोनीत किया ज्ञात हो कमेटी में पहले से घनश्याम दास जी एवं गंगाराम जी संरक्षक है। नव मनोनीत संरक्षक ने नए टीम को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देते हुए कहा कि कमल कुमार सिंह के नेतृत्व में इस वर्ष श्री बाबा कालभैरव जी की शोभा यात्रा और भी भव्यता के साथ निकाली जाएगी ज्ञात हो कि इस वर्ष रथयात्रा, आषाढ़ सुदी द्वितीय तदनुसार 20 जून 2023 दिन मंगलवार को श्री कालभैरव जी के स्वर्ण रजत प्रतिमा की भव्य शोभायात्रा एवं श्रृंगार का आयोजन किया जाएगा`बैठक का संचालन श्याम कुमार सर्राफ तथा धन्यवाद ज्ञापन घनश्याम सेठ बच्चा ने किया` साधारण सभा की बैठक में मुख्य रूप से सरोज सेठ, विनोद सेठ, श्याम सुंदर सिंह, रवि सर्राफ, कृष्ण कुमार सेठ, मुरली मनोहर सिंह, किशोर सेठ, डॉ कैलाश सिंह विकास, कमल कुमार सिंह, घनश्याम सेठ, अनुज गौतम, सत्यप्रकाश सेठ, दुर्गा प्रसाद, जनार्दन वर्मा, सत्यनारायण सेठ, विष्णु दयाल, राजू वर्मा, विष्णु सेठ आदि उपस्थित रहे।

मिजार्पुर में सही भोजन-बेहतर जीवन की थीम पर लगा अंतर्राष्ट्रीय मिलेट ईट राइट मेला

प्रखर मिजार्पुर। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सोमवार को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के उपलक्ष में आयोजित की ईट राइट मेला का आयोजन सही भोजन बेहतर जीवन थीम के साथ किया गया। इस दौरान आमजन की सक्रिय भागीदारी से नागरिकों को सही भोजन के प्रति जागरूक किया गया। ईट राईट मेला का आयोजन खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा नगर विधानसभा स्थित राजकीय इंटर कॉलेज,महुवरिया में किया गया। उद्घाटन अपना दल एस के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल व नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद,राष्ट्रीय महासचिव रमाशंकर पटेल, प्रदेश अध्यक्ष किसान मंच बंश बहादुर पटेल, युवा मंच जिला अध्यक्ष उदय पटेल, जिला उपाध्यक्ष संजय उपाध्याय, उमाशंकर सोनी सुरेश पाल, अजय पाठक आदि लोग उपस्थित रहें।

सेहतमंद मां ही दे सकती है तन्दुरूस्त बच्चे को जन्म : सीएमओ

प्रखर कुशीनगर। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) वाली गर्भवती को आयरन सुक्रोज चढ़ाने की व्यवस्था की है। सोमवार को जिले के दो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (रामकोला और मोतीचक) पर मातृत्व एनीमिया प्रबंधन कार्नर स्थापित कर 10 एचआरपी को सोमवार को आयरन सुक्रोज चढ़ाया गया। इनमें रामकोला में छह तथा मोतीचक में चार गर्भवती शामिल हैं. सीएमओ ने रामकोला सीएचसी पर फीता काटकर नयी व्यवस्था का तथा मोतीचक सीएचसी पर भी कार्यक्रम का जायजा लिया। रामकोला में कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए सीएमओ ने कहा कि स्वस्थ गर्भवती ही सेहतमंद बच्चे को जन्म दे सकती है। ऐसे में गर्भावस्था के दौरान गर्भवती को एएनसी चेकअप (प्रसव पूर्व जांच) कराते रहना चाहिए। चिकित्सक द्वारा दिए गए सलाह का गंभीरतापूर्वक पालन करना चाहिए। सरकारी अस्पताल पर जांच, इलाज, दवा की सुविधा उपलब्ध रहती है। किसी भी जटिलता से बचने के लिए हर हाल में संस्थागत प्रसव कराना चाहिए। इसके बाद सीएमओ ने मोतीचक सीएचसी का भी जायजा लिया। इस अवसर पर चिकित्सक एवं अन्य चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। मातृत्व स्वास्थ्य परामर्शदाता डॉ. रितेश तिवारी ने बताया कि एनीमिया तीन प्रकार की होती है। जिसे हल्का, मध्यम और गंभीर एनीमिया नाम से जानते हैं। यदि किसी गर्भवती के शरीर में 10-10.90 ग्राम हीमोग्लोबिन होता है तो उसे हल्का एनीमिया , 7 से 7.9 ग्राम हीमोग्लोबिन होता है तो उसे मध्यम तथा 7 ग्राम हीमोग्लोबिन होता है तो उसे गंभीर एनीमिया कहते हैं। गर्भवती एनीमिया की शिकार न हो इसके लिए उन्हें आयरन कैल्शियम और फोलिक एसिड की गोली के साथ पौष्टिक आहार लेते रहने की सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा कि कोई भी महिला एनीमिया की शिकार न हो इसके लिए उसे किशोरावस्था से ही आयरन कैल्शियम की गोली के साथ पौष्टिक आहार लेते रहना है। समय समय पर हीमोग्लोबिन की जांच कराकर चिकित्सकीय सलाह भी लेते रहना चाहिए। गर्भवती को तो हर हाल में गर्भावस्था के दौरान चार बार चेकअप कराना चाहिए। समय पर टिटनेस डिप्थीरिया(टीडी) का टीका जरूर लगवाना चाहिए। यूपीटीएसयू के जिला वरिष्ठ विशेषज्ञ डां.अर्पिता भवाल और जिला विशेषज्ञ कम्युनिटी आफिसर अमित ने बताया कि जब गर्भवती के गर्भावस्था की दूसरी तिमाही हो और उसके शरीर में 5 से 6.9 ग्राम हीमोग्लोबिन हो तथा जब गर्भवती के तीसरी तिमाही में हीमोग्लोबिन 7 से 9.9 ग्राम हीमोग्लोबिन हो और चार सप्ताह तक आइएफए को दो गोली खाने के बाद भी हीमोग्लोबिन में बढ़ोतरी न हो तो ऐसी गर्भवती को आयरन सुक्रोज चढ़ाया जाता है।

मुंबई में आयोजित 'फागुन बयार' में लोगों ने खेली फूलों की होली

बयार मित्र परिवार की तरफ से आयोजित किया गया कार्यक्रम, समाजसेवी, अभिनेता, पत्रकार, महिलाओं और बच्चों को बयार ने किया सम्मानित

प्रखर मुंबई। मुंबई के उपनगर दहिसर पूर्व में आदित्य पार्क में बयार मित्र परिवार की तरफ से फागुन बयार यानी होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान फाग गीत से माहौल रंगीन हो गया। मुंबई में पूरा यूपी दिखा। इस दौरान होली गीत पर लोगों ने जमकर ठुमके लगाए और एक दूसरे के साथ फूलों की होली खेली। बच्चों ने भी सांस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुत किया। बच्चों की बेहतरीन प्रस्तुति देखकर फागुन बयार में मौजूद उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की दिग्गज हस्तियां भी खुद को ताली बजाने से नहीं रोक पाए। बच्चों की तरफ से अच्छा परफारमेंस दिया गया। इस दौरान संस्था की तरफ से बच्चों को अच्छे प्रदर्शन के बाद पुरस्कार भी किया गया। फागुन बयान में मौजूद अतिथियों की तरफ से उन्हें सम्मानित भी किया गया। आदित्य पार्क में स्टेज शो के दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र गायक कलाकारों ने बेहतरीन फिल्मी और

फाग गीत गाकर लोगों का मनमोह लिया। आदित्य पार्क में आयोजित कार्यक्रम को देखकर ऐसा लग रहा था जैसे समूचा उत्तर प्रदेश यहां उमड़ा आया है। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के लोग एक जैसे दिख रहे थे। इस दौरान काफी संख्या में यहां महाराष्ट्र के विशिष्ट व्यक्ति भी उपस्थित रहे।बायार मित्र परिवार की तरफ से आयोजित कार्यक्रम पूरी तरह अराजनैतिक रहा। कार्यक्रम में टीवी कलाकार, क्रिकेटर, लोक गायक चर्चित कवि, और काफी तादात में बरिष्ठ और युवा पत्रकार मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार अभय मिश्रा और अनिल मिश्रा ने किया। इस दौरान समाज से सरोकार रखने वाले विशिष्ट व्यक्तियों, पत्रकारों, महिलाओं, टीवी अभिनेताओं, क्रिकेट और बच्चों को बयार मित्र परिवार की तरफ से सम्मानित किया गया। जिसमें राधेश्याम तिवारी, पवन त्रिपाठी, अनिल गलगली, शिव श्याम तिवारी, उदय प्रताप सिंह, श्रीश उपाध्याय,टीवी अभिनेता चालू पांडेय, किशोर सिंह, डॉ आरके, अमित मिश्र, अमित, सभाष उपाध्याय श्याम तिवारी, अशोक मिश्र, राजेश विक्रांत, विजय सिंह कौशिक अनिल पाण्डेय, कमलेश, पांडेय,राजेश उपाध्यय, पुष्पराज मिश्र, भदोही गए बरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भस्कार प्रभुनाथ शुक्ल, डॉ धीरज फूलमति सिंह, जय शुक्ला, विनोद याद,अमर झा,बृजेश पांडेय, संजय सिंह,मनीष मिश्र,रितेश,सुजीत गुप्ता मोमिन,बृजेश पांडेय, आनंद मिश्र, सुनील मिश्र, राजकिशोर,अजय सिंह, विपुल,शिवलाल यादव, मनीषा,पूनम, विपुल, सूरज पांडेय, राजकुमार सिंह,संतोष सिंह,वेद प्रकाश श्रीवास्तव,सुमित उपाध्याय, सतीश मिश्र, एसएन सिंह,गोपाल गुप्ता, संतोष सावंत, शेषनाथ सिंह, मनोज, सूर्यकान्त उपाध्याय, अनिल पांडेय,अरविन्द मिश्र, गुड्डू, अभय और बच्चों को सम्मानित किया गया। बयार मित्र परिवार बरिष्ठ पत्रकार अभय मिश्र ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

विद्युत कटौती से करोड़ों का नुकसान जिम्मेदार कौन : राजेश कुमार सिंह

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। उद्योग जगत को लगा करोड़ों की चपत जिम्मेदार कौन है बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा बिजली कटौती से बंद हुए कारखाने बेरोजगार हुए कर्मचारी कच्चे माल का हुआ नुकसान इन सब का जिम्मेदार कौन है बिजली विभाग या सरकार दोनो की नूरा कुश्ती से जनता ,उद्यमी, वायापारी,कर्मचारी पिस रहे है सब अपनी अपनी अपनी डफली बजा रहे है बिजली विभाग के कर्मचारी नेता अपनी मांगों को जायज ठहरा रहे है उधर सरकार शांति से वार्ता कर कर्मचारियों की मांगों पर विचार करने को कह रही है रविवार को चांदपुर औद्योगिक अस्थान चांदपुर वाराणसी स्थित कृषि यंत्र निर्माण इकाई मे लघु उद्योग भारती काशी के उद्यमियों की बैठक हुई राजेश कुमार सिंह अध्यक्ष लघु उद्योग भारती काशी प्रांत ने बताया कि पिछले कई वर्षो से बिजली की सुचारू सुंदर व्यवस्था के कारण कारखानों में पड़े वयकल्पित जनरेटर का उपयोग बंद सा हो गया था परंतु एकाएक बिजली कटौती से कारखाने बंद हो गए कृषि यंत्र का सीजनल व्यापार होता है आज के कंपटीशन युग में समय पर माल नही पहुंचने से ऑर्डर कैंसिल हो रहे है कोढ़ मे खुजली का कार्य कर रही इस बिजली कटौती ने उद्यमियों को करोड़ों का ऑर्डर कैंसिल करवा दिया है। कृषि यंत्र व्यापारी पंजाब सहित अन्य प्रदेशों से कृषि यंत्रों को मंगवाना शुरू कर दिए हैं ज्योति शंकर मिश्रा उपाध्यक्ष ने बताया की शहर के मध्य लकड़ी खिलौना ,गुलाबी मीनाकारी , बुनकरों द्वारा कार्य किया जाता है जो रोज कुआं खोदते है और रोज पानी पीते है उन सभी का इस बिजली कटौती से नुकसान हो रहा है। गुलजारी लाल गुप्ता कोषाध्यक्ष ने सरकार से मांग की की बिजली विभाग के कर्मचारियों की।जायज मांगो को मांनकर बिजली विभाग द्वारा जारी हड़ताल को समाप्त करवाया जाए तथा बिजली विभाग के नेताओ से भी अनुरोध किया की अपनी मांगों के लिए बिजली विभाग के सबसे बड़े आय के श्रोत उद्योग जगत को इस तरह की कटौती से मुक्त रखा जाय।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं